आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47
उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 5, अंक 113, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12
कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए जांच शुरू

## अहमदाबाद में विमान हादसा

### एएआईबी ने बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से किया बरामद | शवों की डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

अहमदाबाद, एजेंसी

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली। ● एजेंसी

### मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया, घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है।

## हादसा अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवेदनाएं इस दुःख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है। वहीं, भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित शोक सभा में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, अजेय कुमार, खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था।

# इजराइल का हमला ईरान ने भी दागे ड्रोन



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

दुबई, एजेंसी

- ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को बनाया निशाना
- रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुखिया और ईरानी सैन्य प्रमुख की मौत

इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को सुबह देश की राजधानी पर हमले किए जिनमें दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल की सेना ने कहा है कि ईरान उस पर किए गए हमलों के जवाब में इजराइल पर ड्रोन दाग रहा है।

इजराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में ईरान ने इजराइल की ओर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं। सभी रक्षा प्रणालियां हमलों को रोकने के लिए काम कर रही हैं। डेफ्रिन ने कहा कि लगभग 200 इजराइली लड़ाकू विमान अभियान में शामिल थे और लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया गया तथा हमले अब भी जारी हैं। ईरान भर में कई स्थानों हमला किया गया जिसमें ईरान का मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल है। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। ईरान ने रिवॉल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह के इजराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि इजराइली हवाई हमले में ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा।





सरोवर नगरी में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद मौसम सुहावना बना रहा। ● अमृत विचार

### मौसम का कहर: महिला समेत तीन की मौत

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य में बिगड़े मौसम ने महिला समेत तीन लोगों की जान ले ली। जानकारी के अनुसार, हरिद्वार के लक्सर थाना क्षेत्र में मुटकाबाद निवासी भोली (45) पत्नी पवन शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे गांव की ही आसबती और बालेश के साथ हुसैनपुर गांव के पास खेत में काम करने गई थी। कुछ देर में ही गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए भोली पास ही आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई जबकि अन्य दोनों महिलाएं दूसरी साइड में खड़ी थी। अचानक तेज आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी और उसकी चपेट में आकर भोली की मौत हो गई। सूचना पर लक्सर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं एक अन्य मामले में खेत में काम कर रहे एक युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत होने की जानकारी मिली। हालांकि परिजनों ने इस संबंध में पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

उधर, चमोली में हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान पुलिस ने मानव जीवन बचाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, करनाल (हरियाणा) निवासी कर्मजीत सिंह अपने दोस्तों के साथ हेमकुंड साहिब की यात्रा पर थे। गुरुवार को हेमकुंड साहिब से घांघरिया की ओर वापस आने के दौरान यात्रा मार्ग पर अचानक पहाड़ी से छिटके पत्थर की चपेट में आकर वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शीघ्र अति शीघ्र बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें हेलीकॉप्टर से गोविन्दघाट तक पहुंचाया और वहां से थाने के सरकारी वाहन और फिर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योतिर्मठ पहुंचाया। डॉक्टरों ने कर्मजीत सिंह की गहन जांच की, लेकिन दुर्भाग्यवश, तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



धनगढ़ी नाले के उफान पर आने से दोनों ओर फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# नैनीताल में तेज बारिश ने रोकी सैलानियों की राह

## तीन घंटे की बारिश में 40 मिमी बरसा पानी, झील का जलस्तर 78.2 फीट पहुंचा, बारिश के कारण आम जनजीवन ठहर सा गया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में प्री मानसून की बारिश ने शुक्रवार की सुबह सैलानियों की राह रोक ली। तीन घंटे की बारिश में 40 मिमी पानी बरसा और झील का जलस्तर 78.2 फीट पहुंच गया। तेज बारिश के दौरान नगर का जनजीवन ठहर सा गया।

सुबह नौ बजे वर्षा शुरू हो गई और वर्षा का वेग इतना तेज हो गया कि लोग जहां के तहां ठिठकने को मजबूर हो गए। नगर सैर के लिए तैयारी कर रहे सैलानी कमरों से बाहर नहीं निकल सके। नाले उफना गए और कई सड़कों में जलभराव हो गया। सुबह 10 से 11 बजे के बीच भारी पानी बरसा, जबकि बाकी दो घंटे मध्यम स्तर की बारिश हुई।

अपराह्न 12 बजे बारिश रुकने के बाद ही जनजीवन सामान्य हो सका। इस बीच स्कूल जा रहे बच्चों की फजीहत हुई और दफ्तरों को जा रहे कर्मचारी बारिश में खूब भीगे। शुक्रवार की बारिश से नैनीझील के जलस्तर में चार इंच बढ़ोतरी हुई है, जो 78.2 फीट पहुंच गया है।



नैनीताल में शुक्रवार को हुई बारिश के बाद छाता लगाकर और बरसाती ओढ़कर निकले सैलानी। ● अमृत विचार

सिंचाई विभाग झील नियंत्रण कक्ष के सुपरवाइजर रमेश गैड़ा ने बताया कि शुक्रवार सुबह हुई करीब 40 मिमी बारिश से झील के जलस्तर में सुधार हुआ है। पिछले छह माह के दौरान अभी तक 330 मिमी पानी रिकॉर्ड किया जा चुका है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम 27 डिग्री रहा जबकि न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

### मौसम सुधरा तो सैर पर निकल पड़े सैलानी

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी में शुक्रवार को मौसम सुधरते ही सैलानी नगर सैर पर निकल पड़े। वीकेंड में भारी संख्या में सैलानी देश के कई हिस्सों से नगर भ्रमण पर पहुंचे हुए हैं। इस बीच नगर में यातायात व्यवस्था लड़खड़ाई रही। नैनीताल का पर्यटन सीजन परवान पर है। नगर के अधिकांश होटल समेत होम स्टे व गेस्ट हाउस पैक हो चले हैं। शुक्रवार को 10 हजार से अधिक सैलानियों के पहुंचने का अनुमान रहा। इस बीच चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की भारी भीड़ रही। नौकायन करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। सैलानियों की भीड़ उमड़ने से नगर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ाई रही। मस्जिद चौराहा, स्नो व्यू, किलबरी मार्ग, चिड़ियाघर मार्ग, भवाली व हल्द्वानी रोड पर कई बार जाम लगा और लोग परेशान रहे। पुलिस को यातायात सुचारू करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि अगले चार दिन नगर में अत्यधिक सैलानियों के पहुंचने की संभावना है।

### नैनीताल जिले में हुई बारिश से हल्द्वानी में पारा लुढ़का

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में शुक्रवार को दोपहर के समय हल्के छींटे पड़े लेकिन नैनीताल जिले के अन्य क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। जिससे हल्द्वानी में पारा लुढ़क गया और लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। हल्द्वानी में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। साथ ही नम हवा भी चल रही थी। दोपहर के समय हल्द्वानी में हल्के छींटे भी पड़े। पारे में काफी गिरावट आ गई। अधिकतम तापमान 34 .8 डिग्री दर्ज किया जो गुरुवार की अपेक्षा चार डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया है। पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से वहां ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में पारा 20 .2 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार हल्द्वानी में हल्के छींटे ही पड़े हैं लेकिन जिले में कई जगह अच्छी बारिश हुई है। कालाढूंगी में 91 मिमी बारिश हो गई। यहां एक ही दिन में इतनी बारिश होने से सब हैरान हैं। नैनीताल में 53 मिमी, मुक्तेश्वर और भीमताल में 27 मिमी और रामनगर में 29 .5 मिमी, कौश्याकुटोली में सात मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। साथ ही हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में भी बारिश होने का अनुमान है।



उमस भरी गर्मी में से राहत के लिए बारिश में मस्ती करते बच्चे।

## उफान पर आया धनगढ़ी नाला, यातायात घंटों ठप

- सफारी करने वाले कई पर्यटक भी फंसे
- बाद में प्रशासन ने सुचारू कराया यातायात

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार हुई बारिश के चलते कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 309 बाधित हो गया है। हाईवे पर स्थित धनगढ़ी नाले के उफान पर आने से नाले के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। कार्बेट पार्क के दुर्गा देवी पर्यटन जोन को सफारी पर जाने वाले कई पर्यटक भी बीच रास्ते में फंसे रहे।

बता दें कि धनगढ़ी का यह बरसाती नाला हर साल बारिश के समय पर उफान पर आ जाता है, शुक्रवार सुबह से ही हो रही तेज बारिश के बाद जैसे ही नाले में पानी का बहाव तेज हुआ, वहां से गुजर रहे वाहन चालक रुक गए, प्रशासन की ओर से एहतियातन लोगों को नाला पार न करने की सलाह दी गई है। पहाड़ी क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है, लगातार हो रही बारिश के कारण बढ़ा पानी का स्तर बारिस थमने के बाद ही कम हुआ। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। कुछ घंटों के बाद यातायात सुचारू होने से मार्ग में फंसे पर्यटकों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

### एसडीएम ने मौके पर पहुंच जाम खुलवाया

उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने रामनगर मानसूनी बारिश के दृष्टिगत ढिकुली, धनगढ़ी और पानोद नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण में धनगढ़ी नाले पर काफी पानी आने से केवल एक बार में एक और से ही वाहनों का आवागमन हो पा रहा था। जिस कारण जाम किंस्थित उत्पन्न हो रही थी। उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच जाम खुलवाया। मौके पर जेसीबी भी काम करते पाई गई। धनगढ़ी नाले से थोड़ा आगे मोहान की ओर निर्माणाधीन पुलिया से भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहां पर मौजूद एनएच के ठेकेदार और कार्मिकों को दोनों ओर अपने-अपने स्टाफ को तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग में आया मलबा, 10 गांवों का संपर्क कटा

- देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग में बाघनी पुल के पास आया मलबा
- साप्ताहिक बाजार में व्यापारी का सामान बहा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह करीब डेढ़ घंटे हुई मूसलाधार बारिश ने जहां उमस भरी गर्मी से राहत दी वहीं नाले, गधेरे उफान पर आ गये। जिससे मुख्य सड़क व नगर की गलियों पानी भर गया।

अचानक आई बारिश के कारण गी साप्ताहिक बाजार में जूते-चप्पल बेच रहे फड़ वाले का सामान बहने लगा। लोगों ने उसकी मदद कर समान बचाया बावजूद इसके कई जूते-चप्पल पानी की तेज धारा में बह गये। बारिश से कोटाबाग, कालाढूंगी,चकलुवा व बैलपडाव क्षेत्र में गर्मी भरी उमस से लोगों राहत मिली है। वहीं कोटाबाग के पर्वतीय क्षेत्रों को ब्लॉक मुख्यालय से जोडने वाला देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग में बाघनी पुल के पास भारी मात्रा में मलबा आने से मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। मोटर मार्ग बंद होने से पर्वतीय क्षेत्रों के लगभग 10 गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से कट गया है।

इससे रियाड, जलना, सलवा, बांसी, सौड, घुघु सिंगडी के ग्रामीणों को सब्जी मंडी और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक लाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृपाल बिष्ट ने बताया कि पूर्व में इसी स्थान में कार हादसे में पांच लोगों की जान जा चुकी है लेकिन विभाग ने वहां पर अभी तक सुरक्षा के कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ग्रामीण नरेंद्र कुमार, मदन सिंह, दुर्गा सिंह, गणेश सिंह ने उक्त मोटर मार्ग के शीघ्र खोले जाने के लिए विभाग और जिला प्रशासन से अनुरोध किया है।



देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग पर आया मलबा और पैदल जाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

## पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भीमताल :** भीमताल क्षेत्र में आपसी विवाद में मारपीट के बाद घायल देवेंद्र सिंह की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में आरोपितों दो लोगों को भीमताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह और थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि 19 मई 2025 को सिटी व्यू रेस्टोरेंट क्वेराली सलड़ी में काम करने वाले कारीगर देवेंद्र सिंह के साथ धीरज नगरकोटी तथा केदार सिंह द्वारा मारपीट की गई थी। देवेंद्र सिंह को बरेली राममूर्ति में रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में सिटी व्यू रेस्टोरेंट के मालिक सुरेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर थाना भीमताल में धीरज सिंह नगरकोटी पुत्र स्व. अमर सिंह निवासी जैंती थाना दन्या जिला अल्मोड़ा व केदार सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी आरटीओ रोड जयदेवपुर कॉलोनी थाना मुखानी हल्द्वानी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# आयोग के समन्वय से दक्ष होंगी महिला कर्मी

- राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला सुरक्षा पर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शुक्रवार को सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महिलाओं की सुरक्षा और समन्वित प्रयासों की समीक्षा की।

महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, त्वरित विवेचना, पीड़िता-केंद्रित दृष्टिकोण एवं संवेदनशील पुलिसिंग को लेकर उत्तराखंड पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही की आयोग अध्यक्ष ने सराहना करते हुए राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और अधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित चर्चा करते हुए विशेष रूप से नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध, मानव तस्करी तथा थानों में स्थापित महिला हेल्पडेस्क पर कार्यरत कार्मिकों के संवेदनशील व्यवहार हेतु समुचित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। आयोग द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों व कार्मिकों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने की बात कही।



आयोग अध्यक्ष रहाटकर का स्वागत करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार



समीक्षा बैठक करतीं आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर, साथ में डीजीपी दीपम सेठ।

### महिला सम्मान की रक्षा में उत्तराखंड पुलिस सदैव प्रतिबद्ध

डीजीपी दीपम सेठ ने आयोग अध्यक्ष को महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उत्तराखंड पुलिस की प्रतिबद्धता के सम्बन्ध में आश्वस्त किया। कहा कि राज्य में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, पीड़िता केंद्रित दृष्टिकोण, संवेदनशील पुलिसिंग एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करने हेतु लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य पुलिस, राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपने अधिकारियों व कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करेगी, जिससे महिला संबंधित मामलों में और अधिक दक्षता लाई जा सके। बैठक के बाद आयोग अध्यक्ष ने डायल-112 कंट्रोल रूम का भ्रमण कर त्वरित रिस्पॉन्स प्रणाली की सराहना की। इससे पूर्व एसपी (पी/एम व महिला सुरक्षा) ममता वोहरा ने विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

### सीएम के साथ की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने आयोग अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

## घरों से कूड़ा उठाने वाले कार्मिकों का प्रदर्शन

**नैनीताल :** नैनीताल में डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने वाले दीक्षांक संस्था के कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का घेराव कर वेतन दिए जाने की मांग की। इस दौरान नैनीताल शहर में दो दिनों तक कूड़ा एकत्रीकरण का काम बंद रहा। जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों के उग्र आंदोलन और चेतावनी के बाद नगर पालिका ने दीक्षांक संस्था को 18 लाख का बिल जारी कर एक माह का वेतन जारी करने का आश्वासन दिया जिसके बाद कर्मचारी शांत हुए। संस्था प्रतिनिधि रंजन गांधी का कहना है कि पालिका को दो माह का लगभग 36 लाख रुपये का बिल सौंपा है। कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय में प्रदर्शन किया। कहा कर्मचारियों को दो माह से वेतन न मिलने से उन्हें परिवार के भरण पोषण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने से 80 कार्मिक दिक्कत से जूझ रहे हैं। रोहित भाटिया, आशु भारती, सचिन जनौटा, पवन यादव, अरविंद पवार, संतोष रहे।

# जूडो कोच के खिलाफ दायर हुई याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी द्वारा मुरादाबाद निवासी कोच पर प्रशिक्षण के दौरान लगाए गए यौन उत्पीड़न के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि नियत की है। देहरादून निवासी प्रक्षिशु खिलाड़ी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह जूडो कराटे में नेशनल खिलाड़ी है। पिछले सात साल से वह देहरादून में एक महिला कोच की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही थी। वर्ष 2024 में उसका चयन नेशनल खेलने के लिए भोपाल में प्रशिक्षण के लिए हुआ था। आरोप है कि महिला कोच ने उसे प्रशिक्षण के लिए भोपाल के बजाय मुरादाबाद के कोच के पास भेज दिया जो महिला कोच का भी कोच रहा है। प्रशिक्षु खिलाड़ी ने दावा किया कि विगत 12 मार्च 2025 को पुरुष कोच उसे अपने फार्म हाउस में ले गया, जहां मसाज करने के नाम पर उसका यौन उत्पीड़न किया। मना करने पर नेशनल में न खेलने देने और कॅरियर खराब करने की धमकी उी। याचिका के अनुसार, जब वह खेलने के लिए गयी तो उसकी मानसिक स्थिति खराब थी और वह गेम से बाहर हो गयी। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जाए और दोषी को सजा दिलाई जाए। याचिका के अनुसार, इस सम्बंध में पीड़िता द्वारा देहरादून के रायपुर थाने 28 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज कराया गया, जिसे दून पुलिस ने थाना भोजपुर, मुरादाबाद ट्रांसफर कर दिया।



### कैबिनेट मंत्री 23 जुलाई तक दें जवाब: हाईकोर्ट

**नैनीताल :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ आरटीआई एक्टिविस्ट देहरादून निवासी विकेश सिंह द्वारा विभिन्न संगीन आरोपों के साथ दायर वाद पर उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की एकलपीठ ने गुरुवार को अपने अंतिम कार्यदिवस पर सुनवाई की। एकलपीठ ने उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को वाद की प्रति देने और कैबिनेट मंत्री को इस पर अपना जवाब 23 जुलाई तक कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकर्ता से भी कहा है कि इस जवाब का वे भी प्रतिउत्तर दें। मामले की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि नियत की है। बता दें कि न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा गुरुवार को सेवानिवृत्त हो चुके है। अब उच्च न्यायालय की कोई अन्य पीठ सुनवाई करेगी।

### बाईपास चौड़ीकरण के दूसरे चरण का आगणन शासन को भेजा

**भीमताल :** भीमताल में करोड़ों की लागत से सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। भीमताल की जनता को लग रहा था कि लगभग 400 मीटर तक मार्ग के चौड़ीकरण की उम्मीद थी लेकिन प्रथम चरण में मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत 8 करोड़ रुपए की धनराशि से मात्र 270 मीटर तक ही चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग प्रथम चरण में मात्र 270 मीटर में ही चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसके आगे नाले की टूटी दीवारों की मरमत की गई है। शुक्रवार को पहुंचे कनिष्ठ सहायक अभियंता केके पाठक ने चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। स्थानीय जनता ने कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि चौड़ीकरण का कार्य लगभग 300 मीटर तक किया जाना चाहिए था। इधर भीमताल में तेज वर्षा के चलते लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़क का कुछ भाग गिर गया हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ। इधर कनिष्ठ सहायक अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को शीघ्र से शीघ्र दीवार बनाने के निर्देश दिए

### पर्यटन स्थल साततात में कूड़े के ढेर

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल के समीप सातताल में काफी समय से जिला पंचायत विभाग के कूड़ा उठाने वाले वाहन के नहीं आने से झील के चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे वातावरण तो दूषित हो ही रहा है। साथ संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। मामले में क्षेत्र के व्यापारी विक्रम कंडारी ने बताया कि क्षेत्र के व्यापारी इस संबंध में कई बार जिला पंचायत के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं की गई। एक हफ्ते से वाहन नहीं आने से झील के चारों तरफ गंदगी फैली हुई। सड़ चुके कूड़े से आ रही बदबू के कारण यहां के लोगों को तो दिक्कत हो ही रही है साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर क्षेत्र के प्रशासक जिला पंचायत सदस्य डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने भी बताया कि इस बावत वह भी कई बार जिला पंचायत को जानकारी दे चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बताया कि वह एक बार फिर जिला पंचायत को सूचित करेंगे।



रामनगर में बारिश के बाद क्षतिग्रत सिंचाई नहर की दीवार। ● अमृत विचार

### नहर की दीवार गिरी, भवन को खतरा

**रामनगर, अमृत विचार :** तेज बारिश के दौरान सिंचाई विभाग की रामनगर नहर की दीवार भरभरा कर गिर गई है। मानसून की बारिश हो जाने पर इससे समीप के भवन के भू-कटाव का खतरा बना हुआ है। बता दें कि रामनगर नहर के किनारे कोतवाली के पीछे बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आईं हैं। सिंचाई विभाग को कई बार मौखिक और लिखित तौर पर अवगत कराए जाने के बावजूद कोई कारवाई न होने से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। सिंचाई नहर के किनारे खड़े पेड़ यदि बिजली के तारों पर गिरे तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों की माने तो जर्जर हो चुकी रामनगर नहर जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसको सुधारने की विभाग ने कभी कोई जहमत नहीं उठाई। यदि क्षतिग्रस्त नहर की वजह से किसी भी प्रकार की क्षति हुई तो विभाग को जन आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है। उधर इस विषय पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया था।

**आज का मौसम**

धूप के साथ बारिश के भी आसार

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.12

# चारधाम यात्रा की तरह कैंचीधाम के लिए बनाया जाए सिस्टम

## जिला प्रशासन ने शासन को भेजे प्रस्ताव में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के ऑनलाइन पंजीयन, प्रतिदिन की संख्या निर्धारण समेत कई सुझाव भी दिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कैंचीधाम में लगने वाले जाम व अन्य झंझटों से छुटकारे के लिए रणनीति तैयार की है। प्रशासन ने चारधाम यात्रा की तर्ज पर कैंचीधाम में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के ऑनलाइन पंजीयन, वार्षिक उत्सव को छोड़कर सामान्य दिनों में प्रतिदिन संख्या निर्धारण समेत कई अहम सुझाव दिए हैं। इससे न केवल श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेंगी बल्कि कैंचीधाम में जाम की वजह से लगने वाले दुष्प्रभाव भी खत्म होंगे। अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़वासियों के लिए सहूलितय होगी और तीर्थाटन एवं व्यापार में वृद्धि होगी। यह प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है।

जिला प्रशासन के अनुसार श्री बाबा नीब करौरी आश्रम कैंची धाम में श्रद्धालुओं का दबाव कई गुना बढ़ता जा रहा है। बीती 17 मई से 9 जून तक महज 20 दिनों में 3.72 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं।



स्थापना दिवस को लेकर दुल्हन की तरह सजा कैंची धाम। ● अमृत विचार

वीकेंड शनिवार-रविवार को ही 20-22 हजार श्रद्धालु दर्शन करते हैं जबकि मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार सिर्फ 7 हजार श्रद्धालुओं की दर्शन करने की क्षमता है। इसी तरह पर्यटन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2021 में सात से आठ लाख, वर्ष 2022 में लगभग 14 लाख, वर्ष 2023 में लगभग 19 लाख और वर्ष 2024 में लगभग 25 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचें हैं। वहीं, 15 जून (रविवार) को होने वाले कैंची धाम मेले में एक ही दिन में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान हैं। ऐसे में यातायात समेत सभी व्यवस्थाएं धड़ाम हो जाती हैं। दावा किया चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और कैंचीधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग बराबर हो गई है। इसलिए कैंचीधाम में चारधाम यात्रा की तर्ज पर ही सिस्टम विकसित किया जाए। इस बाबत प्रस्ताव बनाकर पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे को भेजा गया है। यदि अनुमति मिलती है तो यहां भी सिस्टम विकसित होगा।

### प्रस्ताव में ये दिए हैं सुझाव

- चारधाम यात्रा की तर्ज पर कैंचीधाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का ऑनलाइन पंजीयन किया जाए। वार्षिक महोत्सव को छोड़कर प्रतिदिन दशर्नाथियों की अधिकतम संख्या निर्धारित की जाए।
- ऑफलाइन पंजीयन की व्यवस्था की जाए। इसके लिए हल्द्वानी में काउंटर बनाया जा सकता है। इसमें भी अधिकतम संख्या निर्धारण होना चाहिए।
- श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित होने से पर्याप्त संसाधन जुटाए जा सकेंगे। प्रशासन को श्रद्धालुओं का वास्तिवक डाटा बेस (परिवार, सदस्यों की संख्या, फोन नंबर, ट्रैवल मोड) भी तैयार होगा जो आकस्मिकता की स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए मददगार होगा।
- कैंचीधाम रूट पर ट्रैफिक नियंत्रित होने से निश्चित तौर पर अन्य पर्यटन स्थलों को भी लाभ होगा।

### ये होती हैं दिक्कतें

- यातायात अव्यवस्थाएं होती हैं, प्रतिदिन जाम लगने से पर्यटकों व कुमाऊं वासियों की फजीहत होती है।
- भवाली मार्ग पर्वतीय रूट का मुख्य मार्ग है, जाम से एंबुलेंस समेत कई आपात सेवाएं भी बाधित होती हैं।
- वीकेंड के अलावा सामान्य दिनों में भी जाम लगने से अन्य पर्वतीय क्षेत्रों रामगढ़, मुक्तेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, जागेश्वर आदि का पर्यटन भी प्रभावित होता है।
- कैंचीधाम में हजारों श्रद्धालुओं के आने से अनियंत्रित निर्माण हो रहा है, कभी होटल-होम स्टे पैक होने से श्रद्धालु सड़क किनारे ही रात काटने को विवश होते हैं। चूंकि प्रतिदिन का कोई डाटा नहीं होने की वजह से संसाधन मुहैया कराने में परेशानी होती है।
- इस अव्यवस्थाओं से राज्य की प्रतिकूल छवि बनती है। इस तरह की वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित होते हैं।

## एक नजर

### 15 से 18 जून तक मिलेगा नीम करौली बाबा का प्रसाद

**हल्द्वानी :** कैंची धाम मंदिर समिति ने इस बार निर्णय लिया है कि 15 जून को मिलने वाला बाबा नीम करौली के प्रसाद का वितरण 18 जून तक किया जाएगा। इससे जो भक्त 15 जून को प्रसाद से वंचित रह जाएंगे, उनको प्रसाद मिलने में आसानी होगी। मंदिर समिति ने निर्णय लिया है कि 15 जून के साथ ही प्रसाद वितरण 16, 17 व 18 जून को भी किया जाएगा। ऐसे श्रद्धालु जो 15 जून को दर्शन नहीं कर पाते, वे इन तिथियों में किसी भी दिन आकर दर्शन व प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

### धैर्य व संयम से करें ड्यूटी: आईजी

**हल्द्वानी :** आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कैंची मेले में ड्यूटीरत सभी अधिकारियों की हल्द्वानी कोतवाली मीटिंग हॉल में डी ब्रीफिंग की। कहा कि सभी ड्यूटी में धैर्य व संयम बनाए रखेंगे। लगातार लोगों को स्थिति से अवगत करेंगे जिससे लोग पैनिक ना हो। प्रत्येक स्तर पर तैनात किए गए अधिकारियों को अपना रोल पता है। सभी संबंधित पूर्ण मनोयोग के साथ अपने अधीनस्थों का मनोबल बनाते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराए। बताया कि कैंची मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए 19 राजपत्रित अधिकारी, 157 निरीक्षक और एसआई, 725 हेड कांस्टेबल और चार पीएसी की कंपनियां लगाई गई हैं।



### जिला प्रशासन ने कैंचीधाम मेला रूट का किया स्थलीय निरीक्षण

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन ने कैंचीधाम मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन, परिवहन विभाग ने मेला रूट का स्थलीय निरीक्षण कर पार्किंग व अन्य तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम परितोष वर्मा ने शुक्रवार को कैंचीधाम मेला रूट का काठगोदाम से लेकर कैंचीधाम तक निरीक्षण किया। उन्होंने शटल सेवा के लिए वाहनों की पार्किंग, भवाली में वाहनों की पार्किंग व शटल सेवा का जायजा लिया। इसके अलावा निजी वाहनों के लिए रूट, पैदल यात्रियों के लिए रूट वगैरह का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 15 जून को पूरी तरह से जीरो जोन रहेगा। भवाली तक वाहन जाएंगे, वहां प्रशासन की ओर से चलाई गई शटल सेवा से यात्री कैंचीधाम तक जाएंगे।





कैंचीधाम परिसर में जांच करती टीम बम डिस्पोजल टीम। ● अमृत विचार

# कैंची धाम बाईपास के लिए नहीं है वन विभाग की अड़चन : भट्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सांसद अजय भट्ट ने बताया कि कैंचीधाम बाईपास निर्माण के लिए उपलब्ध है भूमि
- रामनगर में डी ग्रेडेड फॉरेस्ट की 7.8 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध करा दी गई है, जल्द शुरू होगा निर्माण

**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने बताया कि कैंचीधाम बाईपास के लिए वन विभाग की सभी आपत्तियां दूर हो गई है। 19 किमी के बाईपास में 8 किमी निर्माण पूरा हो चुका है, शेष 11किमी का निर्माण के लिए पहाड़ कटान की निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं।

सांसद भट्ट ने कहा कि 450 लाख की लागत से निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण तीन चरणों में होगा। पहले चरण में पहाड़ कटान एवं 70 मीटर सेतु निर्माण, दूसरे में दीवार व कलमठ निर्माण, तीसरे चरण में डामरीकरण होगा। जुलाई से निर्माण शुरू होगा जो 18 माह में पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काठगोदाम से अमृतपुर बैंड तक का बाईपास के निर्माण को पूर्व में वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव में क्षतिपूरक पौधरोपण के लिए आपत्ति लगाई गई थी जिसके लिए दोबारा निरीक्षण करते हुए रामनगर के पास डी ग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड 7.8 हेक्टेयर उपलब्ध करा दी गई है। जल्द ही इसका भी निर्माण प्रारंभ होगा।

सरकार लगातार कैंचीधाम के लिए बाईपास निर्माण के लिए प्रयासरत है। पर्वतीय क्षेत्रों को आने-जाने वाले वाहनों एवं पर्यटकों को इसी मार्ग से भेजते हुए हल्द्वानी-काठगोदाम शहर की यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार किया जाएगा। काठगोदाम-अमृतपुर बाईपास और कैंची धाम बाईपास दोनों अलग-अलग है जिनका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके बाद कुमाऊंवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी।



# जब तक कहा नहीं जाए, ड्यूटी प्वाइंट नहीं छोड़ेंगे पुलिस कर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कैंची धाम में 15 जून को होने वाले स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने मेले में सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी और कर्मियों को किया ब्रीफ किया।

उन्होंने कहा कि ड्यूटी में आने वाले प्रत्येक कर्मचारी अपने साथ बरसाती और डंडा लेकर आएंगे। वे तब तक ड्यूटी स्थान नही छोड़ेंगे, जब तक प्रभारी अधिकारी से उन्हें ड्यूटी समाप्ति का आदेश न मिल जाए। भवाली सीओ व इंस्पेक्टर समिति के पदाधिकारियों के संपर्क में रहेंगे। भंडारे के सम्बन्ध में जानकारी लेंगे और उसके हिसाब से व्यवस्था बनाएंगे। सादे वस्त्रों में पुरुष और महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। पार्किंग, यातायात, बैरियर, पिकेट ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मी संवेदनशील होकर कार्य करें। कैंची धाम परिसर में उचित स्थानों पर रूफ टॉप ड्यूटियों वायनाकूलर और वीडियो कैमरा लगाए जाएं। बम डिस्पोजल स्क्वायड, स्थानीय अभिसूचना इकाई और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीमें लगातार एक्टिव मोड में रहें। पुलिस संचार, फायर यूनिट, एसडीआरएफ की टीमें भी सतर्कता के साथ कार्य करें। एंबुलेंस को विशेष प्राथमिकता देकर मार्ग व्यवस्था बनाते हुए तुरंत निकलवाया जाए। ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मचारी शालीनता का व्यवहार दें।

# कैंची के मालपुए में छिपा है नीम करौली का आशीर्वाद

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में स्थित विश्वप्रसिद्ध कैंची धाम सिर्फ लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बाबा नीम करौली महाराज की इस पावन तपोभूमि पर हर साल 15 जून को लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। इस दिन को कैंची धाम के स्थापना दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। खास बात यह है कि इस दिन श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में मालपुए दिए जाने की परंपरा बाबा नीम करौली महाराज के समय से ही चली आ रही है। बताया जाता है कि बाबा को मालपुआ बेहद प्रिय था। बाबा जब भी किसी अनुष्ठान या पूजा में भाग लेते तो उन्हें विशेष रूप से मालपुए का भोग लगाया जाता था। कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े एमपी सिंह बताते हैं कि बाबा ने स्वयं इसे प्रसाद के रूप में निर्धारित किया था। यही वजह है कि आज भी 15 जून के वार्षिक भंडारे में हजारों मालपुए बनाए जाते हैं और भक्तों को वितरित किए जाते हैं।

श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मालपुआ केवल प्रसाद नहीं, बल्कि बाबा का आशीर्वाद है। भक्तों का मानना हैं कि कैंची धाम का मालपुआ उनके लिए शक्ति और संतुलन का प्रतीक है कई भक्त इसे प्रसाद के रूप में घर लेकर जाते हैं और किसी भी संकट या बीमारी के समय इसका सेवन करते हैं। एमपी सिंह कहते हैं कि मालपुआ जल्दी खराब नहीं होता और इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। कई भक्तों का अनुभव है कि जब भी किसी को शारीरिक कष्ट या बीमारी होती है तो श्रद्धा से दिया गया मालपुआ चमत्कारी रूप से लाभ पहुंचाता है।

### श्रद्धा और विश्वास का संगम



इस परंपरा में आस्था और अनुभव का अद्भुत समन्वय है। यह सिर्फ एक प्रसाद नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा और विश्वास का प्रतीक है जिसने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। कैंची धाम का मालपुआ आज भी न सिर्फ श्रद्धा का हिस्सा है बल्कि लोगों के लिए आशा और आशीर्वाद का स्वादिष्ट जरिया बन गया है।

# प्रशासन ने भवाली रूट पर जाम से बचाव के दिए विकल्प

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कैंचीधाम की वजह से भवाली रूट पर जाम से बचाव के लिए सुझाव दिए हैं। प्रशासन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जांच के बाद निर्णय लेने के लिए कहा है।

प्रशासन के अनुसार, कैंचीधाम के आसपास सड़कों पर पार्किंग हटाने के लिए 24x7 सचल दल बनाए जाए, हल्द्वानी से आने वाले वाहनों को भीमताल सिडकुल में बनी एक हजार वाहनों की पार्किंग में खड़ा कराया जाए। पार्किंग से चलने वाली शटल सेवा को बढ़ाने के लिए सख्ती की जाए।

पर्वतीय जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर व पिथौरागढ़ के निवासियों को जाम में नहीं फंसना पड़े इसलिए विभिन्न रूटों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाए। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को इन रूटों का सर्वे कर निर्णय लेने के लिए कहा गया है।

### इन रूटों पर किया जा सकता है डायवर्जन

- हल्द्वानी-रामनगर-मोहान भतरौजखान-रानीखेत-कोसी-अल्मोड़ा।
- हल्द्वानी-भीमताल-खुटानी-धानाचूली बैंड-शहरफाटक-लमगड़ा-अल्मोड़ा
- हल्द्वानी-रामनगर-भंडारपानी-अमगढ़ी-मल्लीसेठी-अमेल-बेतालघाट-खैरना-अल्मोड़ा
- हल्द्वानी-भवाली-कैंचीबैंड-हली-तल्ला-रामगढ़-नथुवाखान-सुयालबाड़ी-क्वारब-अल्मोड़ा
- हल्द्वानी-भवाली-कैंचीबैंड-हली-तल्ला रामगढ़-नथुवाखान-शीतला-क्वारब-अल्मोड़ा

# सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी

**रामनगर, अमृत विचार:** नेशनल हाईवे-309 पर किशनपुर चिलकिया पावर हाउस के पास एक सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव करीब 5 से 6 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और पूरी तरह सड़ चुका है। जिसके चलते मृतक की पहचान करने में काफी कठिनाई हो रही है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही पुलिस टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इसके अलावा यह हत्या है आत्महत्या इसकी गुत्थी भी सुलझाने के लिए जांच शुरू की जाएगी। जल्द ही मामला खुल जाएगा।

# मैजिक चालक का था टांडा के जंगलों में मिला शव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टांडा के जंगलों में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

बीती 12 जून को टांडा जंगल में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ था। इधर, मृतक की शिनाख्त भुगेंद्र सिंह निवासी कृष्णा ग्रीन्स, गंगापुर रोड रुद्रपुर के रूप में हुई। मृतक के पुत्र करन चौहान ने शिनाख्त की। उसने पुलिस को बताया कि पिता भुगेंद्र सिंह हल्द्वानी से रुद्रपुर के लिए टाटा मैजिक चलाते हैं। बीती 11 जून की शाम को उसके पिता के मोबाइल पर किसी व्यक्ति का फोन आया और उसके पिता घर में किसी को बताए बिना मोटर साइकिल से चले गए। उसी शाम को सात बजे करन ने पिता के मोबाइल पर फिर से फोन किया तो उसके पिता ने एक से दो घंटे में घर वापस आने की बात कही। लेकिन वह रात होने तक भी घर नहीं पहुंचे। इसके बाद रात को करीब 10 बजे उसने फिर से पिता के मोबाइल पर फोन लगाया लेकिन उनका फोन बंद आया। करन जब अपने पिता की गुमशुदगी लिखाने ट्राजिंट कैंप थाने गया तो पता चला कि वहां एक लाश आई है। पहचान करने पर पता चला कि मृतक उसके पिता हैं। करन ने आरोप लगाया कि उसके पिता की किसी ने हत्या की है और शव को टांडा जंगल में लाकर छिपा दिया है। करन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल को भी खंगाला जाएगा। जिससे आरोपी का पता चल सके।

# रामनगर में युवती ने अज्ञात कारणों से खाया जहर, मौत

संवाददाता, रामनगर

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा, परिवार में कोहराम
- लखनपुर चुंगी क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही थी दिव्या

**अमृत विचार:** एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मृतका की पहचान दिव्या नैनवाल (29 वर्ष) के रूप में हुई है। जो मूल रूप से रामनगर के ग्राम गैबुआ की रहने वाली थी और पिछले पांच वर्षों से रामनगर के लखनपुर चुंगी क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही थी। दिव्या ने किराये के मकान में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। घटना की जानकारी उसने खुद ही अपने परिजनों को फोन करके दी, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दिव्या घास मंडी क्षेत्र में किसी निजी प्रतिष्ठान में नौकरी करती थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी। पुलिस दिव्या के मोबाइल फोन और अन्य सामानों की भी जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके। कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज होगा।

# दुग्ध वाहन से टकराई बाइक, एक की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बरेली रोड पर गुरुवार रात एक बाइक की टक्कर सामने से आ रहे दूध के वाहन से हो गई। दुर्घटना में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक आदित्य बिष्ट (24) निवासी छड़ायल अपने मित्र कुनाल निवासी आरटीओ रोड के साथ रात दो बजे बाइक से जा रहा था। दोनों अभी बरेली रोड पुरानी आईटीआई के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे दूध के वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एसटीएच पहुंचाया जहां डॉक्टर ने बाइक चला रहे आदित्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके घायल दोस्त कुनाल का एसटीएच में उपचार चल रहा है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**धर्म परिवर्तन** | फर्जी दस्तावेजों से बना लिया सैम के नाम का जन्म प्रमाण पत्र, दरगाह पर अपनाया दूसरा धर्म, फिर वहीं हुआ निकाह

# प्यार में सागर से बना सैम अली, अब दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, हल्द्वानी



- युवक की बहन की शिकायत पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, फर्जी अम्मी बनाने का भी हुआ खुलासा

**अमृत विचार:** एक युवक समुदाय विशेष की युवती के प्रेम में पड़ गया। युवती के कहने पर उसने अपना धर्म बदल लिया। बाद में दोनों ने निकाह कर लिया। युवक की बहन की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि युवक ने अपनी पहचान बदलने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया है। अब पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गली नंबर पांच, रामपुर रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका भाई सागर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली फरहीन से प्यार करता है। युवती बनभूलपुरा में आधार कार्ड बनवाने का काम करती है। महिला ने आरोप लगाया कि युवती के दबाव में आकर उसके भाई ने धर्म बदल लिया और नए नाम का आधार कार्ड बनवा लिया। आरोप था कि महिला ने सारे काम नियम विरुद्ध करवाए हैं।

बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने जांच करवाई तो पता चला कि सैम पुत्र मुन्ना निवासी वार्ड 31 मोहम्मदी चौक और सागर निवासी भोलानाथ गार्डन के आधार कार्ड में लगी फोटो एक ही व्यक्ति की है।

नगर निगम से पता चला कि सैम के नाम का जन्म प्रमाण पत्र सीएचसी सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन दस्तावेजों के आधार पर जारी किया गया है। पुलिस ने जब सागर उर्फ सैम व फरहीन से पूछताछ की पता चला कि सागर और फरहीन एक दूसरे को प्यार करते थे। जिस कारण फरहीन ने सागर से इस्लाम धर्म अपनाकर नाम बदलने के लिए कहा। फिर दोनो ने मिलकर फर्जी तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर एक झूठी पहचान के साथ सैम अली के नाम का एक आधार कार्ड तैयार किया और 17.7.2021 को विवाह पंजीकरण कराया।

फरहीन और सागर उर्फ सैम अली एक साथ काठगोदाम दरगाह में पहुंचे। जहां पर फरहीन के परिचित हसमत अली और दरगाह के मौलाना ने कलमा पढ़वाकर सागर का मुस्लिम धर्म में परिवर्तन कराया। फिर इन लोगों ने फरहीन और सागर उर्फ सैम अली का निकाह पढ़वाया। पुलिस को पता चला कि सागर से सैम बनाने के लिए युवक के साथ युवती व अन्य लोगों ने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सैम अली बनने के लिए परवीन को बनाया मां

**हल्द्वानी :** जांच में यह भी पता चला कि सागर ने सैम अली के नाम से जो जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम से बनवाया था उसमें उसने मलका परवीन पत्नी मुन्ना निवासी वार्ड नंबर-14 पश्चिमी भाग बनभूलपुरा का आधार कार्ड लगाया। साथ ही परवीन के नाम का ही शपथपत्र मां के रूप में लगाया था। जन्म प्रमाण पत्र के लिए शावेज कुरैशी के सीएचसी सेन्टर से ऑनलाइन आवेदन किया गया था। सागर का सैम अली नाम का जन्म प्रमाण पत्र 27 सितम्बर 2022 को नगर निगम से जारी हुआ था।

### दरगाह के मौलवी पर भी मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** पुलिस के अनुसार केवल आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र ही नहीं बल्कि सागर ने सैम अली के नाम से पैन कार्ड, फोटो पहचान पत्र भी बनवा लिए। साथ ही हसमत अली और मौलवी दरगाह काठगोदाम व अन्य ने नियम विरूद्ध तरीके से धर्म परिवर्तित कर निकाह कराया है। पुलिस ने इन सबके ऊपर भी मुकदमा दर्ज किया है।

# राज्यपाल ने की कुमाऊं विवि की प्रगति की समीक्षा

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिकों को किया सम्मानित, नैनो साइंस एवं भूविज्ञान विभाग का भ्रमण कर ली जानकारी

संवाददाता, नैनीताल



कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के डीएसबी परिसर में हुई बैठक के दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के डीएसबी परिसर में निदेशकों एवं संकायाध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न संकायों में चल रही अकादमिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित शोध, नवाचार, परियोजनाओं, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यपाल ने सभी संकायों में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने को प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को छोटी-छोटी उपलब्धियों से संतुष्ट न होकर, उच्च गुणवत्ता एवं नवाचार के माध्यम से निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की एक विशिष्ट पहचान है, जिसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि यहां के स्वंय सहायता समूह बेहतरीन उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जिन्हें बाजार से जोड़ने के लिए हैंड-होल्डिंग और तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग पर केंद्रित विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने उत्तराखण्ड में मशरूम, कीवी, शहद, अरोमा इत्यादि क्षेत्रों की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय को इन क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने का सुझाव भी दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाए रखने के लिए परिसर निदेशक की सराहना की। उन्होंने कहा कि शोध एवं नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालय में हो रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है और इसके लिए कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की टीम भावना की विशेष प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. सावित्री कैरा, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला एवं श्री पंकज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर 'विमर्श' का विमोचन भी राज्यपाल द्वारा किया गया। इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर, स्थित नैनो साइंस एवं भूविज्ञान विभाग का भ्रमण किया। राज्यपाल ने स्वयंभू डब्लूआरएम नामक पायलट प्लांट का निरीक्षण किया, जहां वेस्ट प्लास्टिक, वेस्ट टायर सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण किया जाता है, जिसके तहत ग्रैफेन जैसा महत्वपूर्ण पदार्थ बनाया जाता है। इस दौरान राज्यपाल ने परियोजना की नवीन प्रक्रियाओं एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी ली। तत्पश्चात् राज्यपाल ने नैनो इनोवेशन लैब का भ्रमण किया, जहां उन्होंने शोधार्थियों एवं वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की, उनके अनुसंधान कार्यक्रमों पर विचार किया, साथ ही उनके प्रयासों की सराहना की।

भूविज्ञान विभाग की प्रयोगशाला के भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने जूरासिक काल के डायनासोर अंडे का जीवाश्म, कई मिलियन वर्ष पुराने हाथी के दांत जीवाश्म सहित भीमताल की ज्वालामुखीय चट्टानें भी देखीं। इस दौरान उन्होंने भूविज्ञान अनुभाग की पेट्रोलॉजी लैब का भी अवलोकन किया। डीएसबी परिसर पहुंचने पर राज्यपाल को 5 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कुलसचिव डॉ. एमएस. मंद्रवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो एचसीएस बिष्ट, प्रो. राजीव, प्रो नंद गोपाल साहू, डॉ. रीतेश साह, प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. एम एस मावड़ी, प्रो. एके. सिंह, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. तीरथ कुमार मौजूद रहे।

# हिमालयी क्षेत्रों में कानून के दायरे में हो खनन कार्य



समीक्षा बैठक लेते एनजीटी के न्यायाधीश डॉ. अहमद, साथ में मंडल आयुक्त दीपक रावत।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने पर्यावरण संरक्षण, वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में शुक्रवार को सर्किट हाउस में बैठक की।

डॉ. खान ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र को बचाना सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षित कर भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से हिमालय न केवल भारत का बल्कि विश्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसका प्रभाव पूरे देश में पड़ता है। हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास की नीतियों को अपनाकर जैव विविधता संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए उपाय करने होंगे। कहा कि खनन कानून के दायरे में होना चाहिए। मिट्टी, बालू या पत्थर का खनन वैज्ञानिक ढंग से हो। जो खनन लीज होल्डर को दिया जाता है उसके मापदंड तय किये जाए। नैनी झील में हाईड्रोबाइलॉजिकल सिस्टम लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इकोलॉजी और इकोनॉमी को मिलाकर एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत है। एसटीपी से जो शोधन का जल निकलता है उसका उपयोग सिंचाई में लाया जाए। झीलों का डीमार्केशन हो ताकि निकट में कोई निर्माण नहीं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लगातार मॉनिटरिंग करें, टेस्टिंग के लिए आधुनिक लैब बनाएं। इसमें जीबी पंत पर्यावरण संस्थान से आए वैज्ञानिकों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना के बारे में बताया। कमिश्नर दीपक रावत, डीएम वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, सीडीओ अनामिका, डीएफओ सीएस जोशी, सिंचाई सीई संजय शुक्ल रहे।



ऑपरेशन के बाद मरीज के साथ एसटीएच की टीम। ● अमृत विचार

## ऑर्थोस्कोपी मशीन से किया लिगामेंट का सफल ऑपरेशन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में अस्थि रोग विभाग अत्याधुनिक ऑर्थोस्कोपी मशीन से लगातार ऑपरेशन कर रहा है। इसी क्रम में दूरबीन विधि से एक मरीज के घुटने की लिगामेंट की सफल सर्जरी हुई है। हल्द्वानी निवासी राकेश जायसवाल (47) को सड़क दुर्घटना में बांये घुटने में चोट लग गई थी। वह उपचार के लिए एसटीएच की ओपीडी में पहुंचे। डॉक्टरों को जांच के बाद पता चला कि मरीज के घुटने का लिगामेंट, एसीएल अवैलजन फ्रैक्चर हो गया है। अस्थि रोग विभाग के प्रो. डॉ. गणेश सिंह के दिशा-निर्देशन में डॉ. ईश्वर धर्मशक्तू ने मरीज का ऑर्थोस्कोपी मशीन से दूरबीन विधि से फाइबर धागों व टाइटेनियम बटन से पुनः लिगामेंट को हड्डी से जोड़कर सफल आपरेशन किया। मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज हो गया है। डॉ. धर्मशक्तू ने बताया कि लिगामेंट एक मजबूत और लचीला बैंड होता होता है जो हड्डियों को जोडता है और जोड़ों को स्थिर रखता है। लिगामेंट की चोट से जोड़ अस्थिर हो सकते हैं। इस प्रकार के ऑपरेशन में निजी चिकित्सालय में मरीज को 1.5 से दो लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह काफी लाभकारी साबित होगा।

# अब हर सोमवार को पंचायत भवन में बैठेंगे राजस्व उपनिरीक्षक

**कालाढूंगीः** प्रशासन के निर्देश पर अब राजस्व उपनिरीक्षक प्रत्येक सोमवार को अपने क्षेत्र के पंचायत भवनों में बैठ कर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। डीएम के निर्देश पर एसडीएम परितोष वर्मा ने राजस्व उप निरीक्षकों के लिए रोस्टर निर्धारित किया है।

एसडीएम की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार तारा चन्द्र घिल्डियाल प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन गेबुआ खास में, जितेन्द्र मिश्रा हंसरामपुर में, कमलेश पंत पंचायत भवन रामपुर, हरीश गिरी तहसील मुख्यालय कालाढूंगी में, हिमांक्षी आर्या पंचायत भवन पतलिया में, अभय कुमार पंचायत भवन नौदा, आशुतोष चंद्र पंचायत भवन बैल पड़ाव, इकबाल अहमद पंचायत भवन कामोला में, पुष्पा भंडारी गुलजारपुर राम सिंह में, जीवन चंद्र बंदरजूड़ा, मनोज कुमार उप्रेती पंचायत भवन नाथूनगर तथा पंकज बन्दुड़ी प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन आवलाकोट में बैठकर जनता के राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों को संपादित करेंगे।

# शराब की दुकान बंद करने की उठाई मांग

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपतीं एकता मंच की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आबकारी आयुक्त द्वारा 14 मई को उत्तराखंड में नई शराब दुकानों को पूर्ण रुप से बंद किए जाने के आदेश के बावजूद मालधन गोपाल नगर में दोबारा खोली गई शराब की दुकान को तत्काल बंद करने की मांग को लेकर महिला एकता मंच ने एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। शराब की दुकान बंद करने के अलावा उन्होंने मालधन क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार व कच्ची शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने को कहा।

उन्होंने मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जन, निश्चेतक, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए, डम्प पड़ी एक्सरे मशीन को शुरु किये जाने, अल्ट्रासाउंड व 24 घंटे इमरजेंसी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की। महिला एकता मंच ने एक सप्ताह के भीतर मांगों का समाधान न होने पर नशा नहीं इलाज दो अभियान आंदोलन आगे बढ़ाने की चेतावनी दी। महिलाओं का कहना है कि हाथीडगर रामनगर के लिए आबंटित दुकान गोपाल नगर मालधन में खोली गयी थी और बाद बंद कर दी गयी। लेकिन 12 जून को शराब ठेकेदार ने दुकान फिर से खोल दी गयी है। जिसके कारण क्षेत्र का माहौल दोबारा खराब होने लगा है।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 3 जुलाई को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है जिसमें प्रशासन द्वारा आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन के लिए मजबूती के साथ पैरवी की जाएगी और अन्य मांगों के समाधान के लिए भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान भगवती आर्य, पुष्पा आर्य, देवी आर्य, कौशल्या चुनियाल, सरस्वती जोशी, रजनी, रेखा शाह महिलाएं मौजूद रहीं।

# प्रधान डाकघर में सर्वर हुआ स्लो

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** शहर के प्रधान डाकघर में शुक्रवार को सर्वर की धीमी गति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन, आरडी जमा, आधार अपडेट सहित कई जरूरी कार्यों के लिए पहुंचे लोगों की लंबी कतारें लग गईं, बार-बार सिस्टम स्लो होने से कामकाज बाधित होता रहा।

डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने आए नागरिकों को भी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाएं घंटों अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। डाक अधीक्षक प्रकाश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल डाकघर में सॉफ्टवेयर अपडेट का कार्य चल रहा है, जिसके कारण यह तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में नया सिस्टम पूरी तरह से सुचारु रूप से कार्य करने लगेगा।

# लव और कुश ने पकड़ा अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा

संवाददाता, चोरगलिया



**अमृत विचार :** आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला नाटक मंचन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ललित आर्या ने दीप प्रज्वलित कर मंचन की शुरुआत की। रामलीला के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लव-कुश लीला का भी आयोजन किया गया।

राम सीता के अयोध्या पहुंचने पर अश्वमेध यज्ञ करते हैं। भ्रमण कर रहे घोड़े को लव और कुश पकड़ लेते हैं। लव-कुश के रूप में बाल कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। इस दौरान मुख्य अतिथि का शॉला ओढ़ाकर सम्मान किया गया। जीवन चंद चौसली, कैलाश चंद्र थुवाल, पीतांबर दत्त चौसली, पान सिंह मेवाड़ी, नवीन जोशी, कन्नू रवाली, खष्टी चौसली, दीपक चौसली, ललित गुणवंत, मोहन फर्त्याल, कमल पोखरिया, प्रधान राजू जांगी, विनोद आदि रहे।

# हत्यारोपी पत्नी की याचिका खारिज

संवाददाता, नैनीताल

- पति की हत्या कर उसके शव को गाड़ी में जलाने का है आरोप
- 15 मई 2019 की भीमताल क्षेत्र के सलड़ी के पास की है घटना

**अमृत विचारः** पति की हत्या कर उसके शव को गाड़ी में जलाने की आरोपित पत्नी नीलम की जिला न्यायालय जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे पुनः न्यायिक हिरासत में लेने के आदेश दिए है।

15 मई 2019 को मृतक की पत्नी नीलम निवासी शामिया लेकसिटी ने रुद्रपुर ने अपने सहयोगियों अजय कुमार यादव, मनीष मिश्रा के साथ मिलकर मृतक को बेहोशी की हालत में भीमताल क्षेत्र के सलड़ी के पास लाकर उसकी गाड़ी में आग लगाकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नीलम ने अपने पति की हत्या की है जिसके बाद भीमताल पुलिस ने नीलम समेत अन्य को गिरफ्तार किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अब तक मृतक अवतार सिंह पुत्र गुलजार सिंह, निवासी ग्राम घसीटपुर, जिला अंबाला, हरियाणा के परिजनों सहित कुल 17 गवाहों के बयान दर्ज कराए। बताया कि मामले में सह-अभियुक्त अजय कुमार यादव जमानत मिलने के बाद फरार हो गया।

वर्तमान में नीलम चौधरी एवं अजय यादव के विरुद्ध विचारण न्यायालय में जारी है। हाल ही में अभियुक्ता नीलम ने उच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त की थी और जिला एवं सत्र न्यायालय नैनीताल के समक्ष दो जमानती प्रस्तुत किए थे।

न्यायालय की ओर से प्रारंभिक रूप से जमानत मंजूर कर नीलम को रिहा किया गया, मगर थाने से प्राप्त जमानतनामे की तस्दीक रिपोर्ट में यह पाया गया कि दोनों जमानतियों के पास कोई संपत्ति नहीं है तथा वह जमानत लेने के आदी (आदतन जमानती) हैं। इस तथ्य के प्रकाश में आते ही न्यायालय ने नीलम की जमानत निरस्त करते हुए उसे पुनः न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं। साथ ही, दोनों जमानतियों के विरुद्ध थाना तल्लीताल में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

आस्था | गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हल्दूचौड़ स्थित गोधाम

# 1100 श्रीमद्भागवत मूल पाठ, नजीर बना गोधाम

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** श्रील नित्यानंद पाद आश्रम गोधाम हल्दूचौड़, गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज यह जिले का ही नहीं बल्कि उत्तराखंड के लिए एक नजीर बन चुका है।

यदि कुछ करने का जज्बा हो तो बड़े से बड़ा काम भी आसानी से किया जा सकता है। गोधाम ने हजारों निराश्रित गोवंश को संरक्षण देकर इसे साबित भी किया है लेकिन इससे हटकर गोधाम ने एक और सराहनीय कार्य भी किया है। आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी रामेश्वर दास ने वर्ष 2022 में गोसेवा के साथ-साथ लोगों के मन में धर्म के प्रति आस्था को और गहरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने श्याम सुंदर मुरली मनोहर के कलिकाल के वांग्मय स्वरूप श्रीमद्भागवत की वंदना का बीड़ा उठाया।

वह भी एक-दो दिन का नहीं वरन उन्होंने 1100 लगातार श्रीमद्भागवत के मूल पाठ की घोषणा की और 4 सितंबर 2022 को यह सिलसिला शुरू हुआ जो लगातार जारी है। एक मूल पाठ के पूरा होने में दो से तीन दिन का समय लगता है। इस हिसाब से 1100 मूल पाठ 2200 से 3300 के बीचकरीब 2500 दिन में पूरा होने की उम्मीद है। इस लिहाज से यह क्रम लगभग 7 वर्ष तक चलने की उम्मीद है अर्थात 4 सितंबर 2022 से शुरू किया गया श्रीमद्भागवत के मूल पाठ का क्रम 2029 तक चलता रहेगा।

### भागवत महिमा के गूंजते स्वर

इस दिव्य आश्रम में आगमन पर आपके विद्वान आचार्य की मधुर वाणी से भागवत महिमा के गूंजते स्वर उस आनंद की अनुभूति प्राप्त करा देंगे जो आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का कार्य करती है। जनपद नैनीताल के हल्दूचौड़ में हजारों गोवंश के साथ भव्य तुलसी माता मंदिर, राधा कृष्ण धाम और गोधाम के मूल द्वार से आपको मूल पाठ का सुंदर आयोजन देखने को सुनने को मिल जाएगा।



गोधाम आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी रामेश्वर दास।

# गौला बैराज में डूबे व्यक्ति की लाश मिली

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** गुरुवार शाम गौला बैराज में एक व्यक्ति डूब गया। जिसकी काफी खोजबीन की पर वह नहीं मिला। शुक्रवार को गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर बैराज से शव बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त महावीरगंज निवासी 55 वर्षीय मदन गोपाल अग्रवाल के रूप में हुई है। पुलिस को बैराज से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, हेलमेट व स्कूटी मिली थी।

पुलिस के मुताबिक मृतक मदन गोपाल अग्रवाल कुछ दिनों से तनाव में थे। एसओ पंकज जोशी ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# विकास की मूर्ति डॉ. इंदिरा हृदयेश का पुण्यतिथि पर स्मरण

## चौथी पुण्यतिथि पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं समेत आमजनों ने दी श्रद्धांजलि, जनता के प्रति उपलब्धियों को किया याद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व विधायक हल्द्वानी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. इंदिरा हृदयेश की चौथी पुण्यतिथि पर सौरभ होटल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं व आम जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके कार्यकाल के दौरान केवल हल्द्वानी ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के लिए किए गए विकास कार्यों को याद किया गया।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संसदीय कार्यों में उन्हें जो समझ थी उसके कायल विरोधी दल के नेता भी थे। वह केवल हल्द्वानी ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड को ऐसा विकास मॉडल देना चाहतीं थीं, जिससे यहां के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल आदि में सुविधाएं मिलें। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जब से उत्तराखंड बना तब से ही डॉ. इंदिरा ने यहां विकास की गाथा लिखने की शुरूआत कर दी थी। अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने काम को लेकर अमिट छाप छोड़ी थी। पूर्व मंत्री प्रीतम सिंह ने कहा कि आम जनता यहां उमड़ी हुई है। इससे ही पता चलता है कि उनके प्रति लोगों का कितना स्नेह था।

विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि डॉ. इंदिरा नाम नहीं बल्कि एक सोच हैं। कांग्रेस ही नहीं भाजपा के लोग भी उनके विकास कार्यों से प्रभावित रहते थे। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस में जो आज नई उम्र के नेता हैं उन्होंने डॉ. इंदिरा से काफी कुछ सीखा है और हम सबका दायित्व है कि उनके दिखाए मार्गों पर चलें। डॉ. इंदिरा के पुत्र व विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर, अंतर्राज्यीय बस अड्डा सब उनकी ही सोच थी। उनके जाने के बाद उनके विकास कार्यों को रोक दिया गया। उनके समय में हल्द्वानी की सड़कों को बाहरी राज्यों के लोग आकर देखते थे, वह भी आश्चर्यचकित हो जाते थे।

इस दौरान भाजपा विधायक बंशीधर भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, राधा आर्य, हेमंत साहू, प्रीती साहू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व सीएम हरीश रावत, विधायक सुमित हृदयेश।



डा. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर गोशाला में पशुओं को चारा खिलाते विधायक सुमित।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. डॉ. हृदयेश को श्रद्धांजलि अर्पित की

**काशीपुर :** उत्तराखंड कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि शुक्रवार को महानगर कांग्रेस कार्यालय नवचेतना भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बैठक में डॉ. इंदिरा हृदयेश के जीवन, उनके संघर्ष और उत्तराखंड राज्य के निर्माण व विकास में उनके बहुमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बैठक में आगामी पंचायत चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, मनोज जोशी, अरुण चौहान, संदीप सहगल, उमेश जोशी, राजेश शर्मा, जितेंद्र सरस्वती, पार्षद अब्दुल कादिर, हनीफ अंसारी गुड्डू, मंसूर अली मंसूरी आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

# अराजक तत्वों की करतूत से 16 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, हल्द्वानी

- ट्रांसफार्मर भी हुआ खराब

**अमृत विचार :** ऊंचापुल क्षेत्र में अराजक तत्वों की हरकत से सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति करीब 16 घंटे तक ठप रही। गुरुवार देर रात करीब 1.30 बजे प्रगति विहार और गीता एन्क्लेव के पास कुछ अराजक तत्वों ने बिजली की लाइन में रस्सी में पत्थर बांधकर फेंक दिए, जिससे तीनों तार आपस में उलझ गए और ऊंचापुल फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई।

इस घटना के चलते हिम्मपुर मल्ला, हिम्मतपुर तल्ला, भगवानपुर समेत आसपास के इलाकों की बिजली गुल हो गई। विभागीय टीम को सूचना मिलने के बाद करीब तीन बजे रस्सी हटाकर आपूर्ति बहाल की गई, लेकिन इस दौरान एक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे पुनः बिजली बंद हो गई। शुक्रवार को दिनभर ऊर्जा निगम की टीम ट्रांसफार्मर बदलने की कार्रवाई में जुटी रही। आखिरकार शाम करीब चार बजे ट्रांसफार्मर बदला गया और बिजली आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकी। इस पूरी घटना से क्षेत्रवासी खासे परेशान रहे, विशेषकर गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि अराजक तत्वों की इस हरकत से न केवल बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई, बल्कि विभाग को ट्रांसफार्मर बदलने जैसी बड़ी कार्रवाई भी करनी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जा रही है।

### मांगें न मानी गईं तो होगा कार्य बहिष्कार

**हल्द्वानी :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि इसके बाद भी अनदेखी करने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि 16 जून को प्रस्तावित निगम प्रबंधन के साथ होने वाली वार्ता में भी कोई समाधान नहीं निकला, तो संघ कार्य बहिष्कार का कठोर निर्णय लेने को बाध्य होगा। संघ का कहना है कि जब तक मांगों को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक धरना जारी रहेगा। सफाई कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपने हक के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया। विजय पाल, राजेश, रवि चिंडालिया, जयपाल, श्याम बाबू, सिद्धार्थ, लक्की, विजय, अलंकार, प्रमोद रहे।

# सिद्धेश्वरी माता मंदिर परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई की ओर से सिद्धेश्वरी माता मंदिर परिसर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। शिविर का उद्देश्य गंगा स्वच्छता, योगाभ्यास और वैदिक जीवन पद्धति को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर डॉ. सर्वेश भारती ने नदियों की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। वेदाचार्य केबी पाठक ने वैदिक दिनचर्या और जीवनशैली के महत्व को समझाया। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने ताड़ासन, वज्रासन जैसे योगासनों का अभ्यास करवाया और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। वहीं, विमल पांडे ने एक्यूप्रेशर की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों से अवगत कराया।

प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया और छात्राओं से इन विषयों को समाज में फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश जोशी और स्थानीय नागरिकों, छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।




महिला महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर।

# उपनल कर्मियों की समस्या हल हुई नहीं और बढ़ी

- चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने संख्या अधिक होने पर स्थानांतरण करने को कहा
- उपनल कर्मियों ने कहा, हमारा भविष्य बर्बाद किया जा रहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन अस्पतालों में काम करने वाले उपनल कर्मियों ने आरोप लगाया है कि उनकी समस्या को सुलझाया नहीं गया है बल्कि और बढ़ा दिया गया है।

इस मामले में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष स्याना ने एक पत्र प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को भेजा है। जिसमें उपनल कर्मियों को वरिष्ठता के आधार पर रिक्त पद के सापेक्ष वेतन आहरण किए जाने और शेष कर्मियों को अन्य मेडिकल कॉलेज भेजे जाने के लिए कहा है। वेतन और नियमितिकरण की मांग को लेकर उपनल कर्मियों का कार्य बहिष्कार शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। इस बीच चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. स्याना के एक पत्र की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों मे और भी आक्रोश भड़क गया। पत्र के अनुसार प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को आदेश दिए गए कि मेडिकल कॉलेज में पद स्वीकृत नहीं होने की वजह से उपनल कर्मियों का चार माह से वेतन रुका हुआ है। इसलिए वरिष्ठता के आधार पर संस्थान में रिक्त पद के सापेक्ष वेतन आहरण किए जाने और उक्त कर्मियों की संख्या अधिक होने पर शेष कर्मियों को अन्य मेडिकल कॉलेज में समायोजित किया जाए। आंदोलन पर डटे नीरज हैड़िया ने बताया कि यह हमारे साथ अन्याय है क्योंकि उपनल कर्मियों के नियमितिकरण का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है। इस आधार पर हम अपने नियमितिकरण की लड़ाई हार जाएंगे। पूरन चंद भट्ट ने कहा कि उसी वेतन में कर्मचारियों को दूसरे शहरों में जाने के लिए कहा जाएगा। इससे कई कर्मचारी नौकरी छोड़ने को ही विवश हो जाएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें फिर से न्यायालय की शरण में जाना होगा क्योंकि सरकार 20 से 22 साल तक सेवा कराने के बाद अब अन्याय कर रही है। आंदोलन में भानु कैड़ा, मनमोहन पाटनी, शम्भू दत्त बुधानी, चंदू कफल्टिया, सुंदर चौहान, तेजा बिष्ट, मनीष तिवारी, विनोद बिष्ट, खेमराज साहू, दिनेश जोशी, तस्लीम अहमद, कैलाश जोशी, दानिश, दीपा शर्मा, मोहनी पाठक, ममता पांडे, गुंजन किरौला, प्रभा गोश्वामी, रेखा सनवाल, सुशील कुमार, राकेश, चंचल, राजेश्वरी डालाकोटी, दीपिका नेगी, कविता मनराल आदि थे।



सुशीला तिवारी अस्पताल में धरने पर बैठे उपनल कर्मचारी। • अमृत विचार

> अभी हमारी कोशिश है कि जिन उपनल कर्मियों को वेतन नहीं मिला है, उनको किसी तरह से वेतन दिया जाए। कुछ सफाई कर्मियों का वेतन जारी करवाया गया है। चिकित्सा शिक्षा निदेशक के पत्र पर आगे कार्यवाही की जाएगी। -डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# बिठौरिया में चोर ने तोड़ डाले पांच कारों के शीशे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आनंदराज जोशी निवासी लालडांठ बाईपास रोड बिठौरिया नंबर एक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 11 जून को उसने अपनी कार को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। अगली सुबह पांच बजे वह घर के बाहर आया तो उसने देखा कि किसी ने कार का बड़ा कांच तोड़ दिया है।

पीड़ित के अनुसार कार के अंदर देखा तो पता चला कि पर्स में रखे 1500 रुपये और आधार कार्ड नहीं है। पीड़ित ने आसपास पता किया तो चोर ने उसकी ही नहीं कई और कार के कांच को तोड़ा था। पता चला कि आसपास खड़ी चार और वाहनों के कांच तोड़े गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और सीसीटीवी कैमरों से उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

### स्कूटर में रखा ब्रीफकेस चोरी

**हल्द्वानी :** हरजीत सिंह निवासी सौरभ होटल के पास भोटियापड़ाव ने पुलिस को बताया कि बीती 11 जून को उन्होंने अपने स्कूटर को गुरुद्वारे के पास खड़ा किया था। स्कूटर से उनका ब्रीफके चोरी हो गया है। सीसीटीवी में पता चला कि शाम को करीब 4.30 बजे एक टैक्सी चालक ने ब्रीफकेस चोरी किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डांस फीवर के 28 जून को होंगे ऑडिशन

**हल्द्वानी :** वूमेन क्लब ऑफ उत्तराखंड की ओर से डांस फीवर 2025 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के ऑडिशन 28 जून को सुबह 11 बजे से नवाबी रोड स्थित रुद्राक्ष बैंक्वेट हॉल में आयोजित किए जाएंगे।

क्लब की अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 5 से 12 वर्ष, 13 से 18 वर्ष, और ओपन वर्ग (महिलाएं व पुरुष) शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरते हुए कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकें। डांस प्रतियोगिता के साथ ही कार्यक्रम में मिस पहाड़न, मिसेज पहाड़न, और रील प्रतियोगिता जैसे आकर्षक सेगमेंट भी शामिल किए गए हैं।

# हर दिन एक टन जैविक खाद बना रहा एसटीपी

- भाखड़ा नदी किनारे बनेगा 20 एमएलडी का नया प्लांट
- कमलुवागांजा और फतेहपुर रोड में डाली जाएगी सीवर लाइन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के इंदिरानगर स्थित गौला रोखड़ क्षेत्र में संचालित 28 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से प्रतिदिन एक टन जैविक खाद तैयार की जा रही है।

यह खाद हल्द्वानी और आसपास के किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें खेती में लाभ मिल रहा है। पेयजल निगम द्वारा संचालित इस प्लांट में शहर के पुराने नगर निगम क्षेत्र की करीब 90 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन से आने वाले गंदे पानी को शोधित किया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान निकलने वाले स्लज और अन्य कार्बनिक पदार्थों से जैविक खाद तैयार की जाती है।

प्लांट से तैयार होने वाली खाद पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल और कृषि उपयोग के लिए उपयुक्त होती है। किसानों का कहना है कि यह खाद मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के साथ ही फसल की पैदावार में भी इजाफा कर रही है। पेयजल निगम के अधिकारियों के मुताबिक, जैविक खाद को लेने के लिए किसान सीधे प्लांट पर आकर संपर्क कर सकते हैं। वर्तमान में यह खाद पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही है, जिससे अब तक सैकड़ों किसान ने इसका फादया हो चुके हैं। गौलापार के किसान मदन बिष्ट ने बताया कि पहले उन्हें रासायनिक खाद पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे लागत बढ़ जाती थी। अब एसटीपी से मिलने वाली जैविक खाद से न केवल खर्च कम हो रहा है, बल्कि जमीन की उपजाऊ क्षमता भी बढ़ रही है।

### भाखड़ा नदी किनारे बनेगा 20 एमएलडी का नया प्लांट

**हल्द्वानी :** शहर के सीवरेज सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में पेयजल निगम ने कमलुवागांजा और फतेहपुर रोड क्षेत्रों में नई सीवर लाइन बिछाने की योजना तैयार की है। योजना के तहत भाखड़ा नदी किनारे 20 एमएलडी क्षमता का एक नया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी प्रस्तावित है। केसल्टेंट एजेंसी द्वारा क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पेयजल निगम के अधिकारियों के अनुसार, सीवर लाइन डाले जाने से इन दोनों क्षेत्रों की जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। अभी तक इन इलाकों में सीवरेज की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी खुले में बहता है, जिससे स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भाखड़ा नदी के समीप प्रस्तावित एसटीपी के निर्माण से न केवल सीवरेज निपटान बेहतर होगा, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। यह प्लांट 20 एमएलडी क्षमता का होगा और अत्याधुनिक तकनीक से युक्त होगा। परियोजना के पूरा होने के बाद कमलुवागांजा और फतेहपुर रोड क्षेत्र के लोगों को बेहतर सीवर सुविधा मिलेगी। जलभराव की समस्या से भी निजात मिल सकेगी।

> एसटीपी प्लांट से निकलने वाली जैविक खाद किसानों के काम आ रही है। इससे खेतों की फसलें काफी अच्छी होंगी। जैविक खाद मिट्टी में सूक्ष्मजीवों को बढ़ावा देकर कीटों और रोगों को नियंत्रित करने में मदद करता है। -एके कटारिया, अधिशासी अभियंता, पेयजल निगम।

# कार से ब्लैक फिल्म हटाई, किया चालान

**नैनीताल :** राजस्थान से आए पर्यटकों को कार के शीशों पर काली फिल्म लगाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने काली फिल्म हटाकर वाहन स्वामी पर चालानी कार्रवाई की। जयपुर निवासी राजेश कुमार स्कॉर्पियो से नैनीताल घूमने आए थे। तल्लीताल पुलिस चौकी के पास वाहन रोककर फोटो खींचने लगे। ड्यूटी पर तैनात एएसआई सुनील कुमार ने वाहन हटाने को कहा, लेकिन पर्यटक ने अनसुना कर शीशे चढ़ा लिए। पुलिस ने जब काले शीशे देखे तो कार्रवाई करते हुए पर्यटक को बाहर बुलाया और फिल्म हटाने को कहा। पहले तो पर्यटकों ने विरोध किया, लेकिन सख्ती के बाद वे शांत हो गए। इसके बाद काली फिल्म हटाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया।

समस्या

## विभाग ने उपभोक्ताओं के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर, शुक्रवार को 116 क्यूसेक पहुंच गया गौला नदी का जल स्तर

# गौला बैराज की सफाई से चार घंटे बाधित रही पेयजल आपूर्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला बैराज की सफाई कार्य के चलते शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर में जल संकट की स्थिति बन गई। इस दौरान फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद रही, जिससे कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। करीब 50 हजार की आबादी को पेयजल के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

जल संकट से निपटने के लिए जल संस्थान ने शहर भर में टैंकरों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की, लेकिन टैंकरों को भरने के लिए जल संस्थान परिसर में लंबी लाइन लग गई, जिससे आपूर्ति में देरी हुई। गौला बैराज से पानी की आपूर्ति बंद होने का असर न सिर्फ शहरी जलापूर्ति पर पड़ा, बल्कि नहरों के सूखने से आसपास के कृषि कार्य भी प्रभावित हुए। किसानों को खेतों में सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर 2 बजे के बाद जब बैराज से दोबारा पानी की आपूर्ति शुरू की गई, जिसके बाद स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होने लगीं।

साथ ही सिंचाई विभाग सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने बताया कि बैराज की सफाई एक जरूरी प्रक्रिया है, जो जल शुद्धता और सप्लाई को बेहतर बनाए रखने के लिए की जाती है। भविष्य में ऐसी स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं मजबूत की जा रही हैं। इधर जल संस्थान की ईई आरएस लोशाली ने बताया उपभोक्तओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए जल संस्थान ने एक अतिरिक्त हेल्पलाइन नंबर 05946-220800 जारी किया है। उपभोक्ता इस नंबर पर कॉल कर पानी से संबंधित अपनी शिकायतें और आवश्यकताएं दर्ज करा सकते हैं।

### 116 क्यूसेक पहुंचा गौला का जल स्तर

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता का कहना है कि गौला बैराज में सफाई का कार्य शुक्रवार को किया गया, जिससे उपभोक्ताओं को पानी की आपूर्ति के लिए उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही हर उपभोक्ता तक स्वच्छ पानी पहुंच सकें। गौला बैराज का जल स्तर शुक्रवार को 116 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।

### कैंची धाम भेजे जल संस्थान ने तीन पानी के टैंकर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कैंची धाम में चल रही भारी भीड़ और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जल संस्थान की ओर से तीन पानी के टैंकर भेजे। हर साल की तरह इस बार भी नीम करौली बाबा के मेले में हजारों श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचे हैं। गर्मी और भीड़ को देखते हुए पानी की व्यवस्था चुनौती बन गई थी। ऐसे में जल संस्थान द्वारा भेजे गए तीन पानी के टैंकरों ने वहां मौजूद लोगों को बड़ी राहत दी। जल संस्थान के ईई आरस लोशाली का कहना है कि पानी की आपूर्ति बाधित होने के बावजूद प्राथमिकता के आधार पर कैंची धाम के लिए टैंकर भेजे गए ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।



गौला बैराज की सफाई सफाई के बाद का दृश्य। • अमृत विचार



अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते मेयर और अधिकारी-कर्मचारी।

### विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों को शुक्रवार को नगर निगम और देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर निगम में मेयर गजराज बिष्ट की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। मेयर बिष्ट ने हादसे को अत्यंत हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाला बताया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षद और कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। व्यापारियों ने भी दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, एडवोकेट पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, मदन मोहन तिवारी, प्रेम सिंह परिहार, भुवन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### घर जा रहे युवक से मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**काशीपुर :** घर जा रहे एक युवक को कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम मानपुर फिरोजपुर निवासी केशर सिंह रावत ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 11 जून की रात करीब 8 बजे वह अपने निवास कौशांबी कॉलोनी मानपुर रोड जा रहा था। इस दौरान कॉलोनी के गेट के पास विकास बुड़ाकोटी, निहान सिंह, गुरप्रीत सिंह उर्फ सोढ़ी एवं अन्य व्यक्तियों ने एक राय होकर उस पर हमला करते हुए बुरी तरह से मारा पीटा। शोर होने पर राहगीरों व उसकी पत्नी के आने पर ये लोग उसे गंभीर रूप से घायल कर वहां से भाग गए। साथ ही विकास बुड़ाकोटी ने उसे धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना उसके भाई द्वारा 112 पर पुलिस को दी गई। पुलिस के आने से पूर्व विकास व उसके साथी उसे डराने धमकाते व तमंचे लहराते हुए निकल गए। मामले में पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नाम यशदीप जैन (Yashdeep Jain) से बदलकर यश जैन (Yash Jain) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे यश जैन पुत्र श्री मोहित जैन के नाम से जाना पहचाना जाए। पता : हरिपुर सुखा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अनुकृति जैन (Anukrati Jain) से बदलकर अनुकृति जैन (Anukrity Jain) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे अनुकृति जैन पुत्री श्री मोहित जैन के नाम से जाना पहचाना जाए। पता : हरिपुर सुखा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल।

### अधीनस्थों के साथ एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने की समीक्षा बैठक, पुलिस कार्यालय का भी किया निरीक्षण

# क्राइम-क्रिमिनल की रोकथाम ही मकसद: एडीजी

संवाददाता, रुद्रपुर



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते एडीजी डॉ. वी मुरूगेशन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. वी मुरूगेशन ने कहा कि क्राइम और क्रिमिनल की रोकथाम करना ही उत्तराखंड पुलिस का मकसद है। आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाना ही पुलिस विभाग का दायित्व है। इसके अलावा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम पर भी पुलिस बेहतर कार्य कर रही है।

शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था डॉ. वी मुरूगेशन, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल और एसएसपी मणिकांत मिश्रा के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस की सीसीटीवी कंट्रोल यूनिट व संचार व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद एसएसपी कार्यालय में अधीनस्थों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आदेशित किया कि सभी सीओ सर्किल वार अपराधों की गहनता से समीक्षा करें और विवेचना को साक्ष्य युक्त एवं समयबद्ध करें।

इसके अलावा वांछित एवं इनामी अपराधियों की धरपकड़, गैंगस्टर एक्ट को प्रभारी बनाना, विवेचना गुणवत्ता एवं प्रभावी पर्यवेक्षण में होना, वारंट की तामील, कुर्कियों की शत-प्रतिशत तामिली करना, विभागीय जांचों का समय पर निदान करना बेहतर पुलिस की निशानी होती है। तभी जनपद में मजबूत कानून व्यवस्था को कायम किया जा सकता है। उन्होंने अधीनस्थों को आदेशित किया कि मादक पदार्थों के प्रति पुलिस सजग रहे और सीमावर्ती इलाकों की निगरानी करते हुए सौदागरों को चिह्नित कर धरपकड़ की जाए। कारण नशे पर अंकुश अपराध और अपराधियों की रोकथाम कर सकता है।

## खेलने के दौरान मारपीट

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बच्चों के खेलने के दौरान मारपीट हो गई। आरोप है कि पड़ोसी के बच्चे ने धक्का देकर दूसरे बच्चे को गिरा दिया जिसमें वह घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी बच्चे के परिजनों से इसकी शिकायत करने पर गाली-गलौज का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी गई है।



इंसाद हुसैन।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी दिलशाद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे उसका 8 वर्षीय पुत्र इंसाद हुसैन पड़ोसी की छत पर खेल रहा था। आरोप है कि खेलते वक्त पड़ोसी के बच्चे ने इंसाद हुसैन को छत से धक्का दे दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके बाएं हाथ में फेक्चर आया है तथा सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें लगी हैं।

आरोप है कि जब इसकी शिकायत आरोपी बालक के पिता से की गई तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। वहीं घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सफाई कर्मचारियों की भर्ती और कल्याणकारी योजनाओं पर जोर

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक





बैठक को संबोधित करते राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष, साथ में मेयर, उपनगर आयुक्त व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**ये रहे मौजूद**

उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीयूष रंजन, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, एलडीएम शिखा नौटियाल, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध सहित नगर निगम एवं सभी ईओ अन्य विभागों के अधिकारी सहित यशपाल राजहंस, सुनील रौतकी, विनोद घाघर, यशपाल राजन, मुकेश राजौरी, राजीव राजौरी, नितिन चारण, विक्रम आदि मौजूद रहे।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पुनर्वास से संबंधित कई अहम निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की भर्ती व कल्याण पर जोर दिया।

शुक्रवार को नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान नगर निकायों को दस हजार की आबादी पर 28 सफाई कर्मचारियों की तैनाती के मानक के अनुसार अतिरिक्त सफाई कर्मियों की नियुक्ति के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को पीएफ व ईएसआई जैसे लाभ दिए जाने पर भी विशेष जोर दिया। साथ ही सीवर व सेफ्टी टैंक का कार्य करने वाले कर्मियों का अनिवार्य पंजीकरण करने और उन्हें पुनर्वास योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय अधिकारी मृतक आश्रितों की नियुक्ति में संवेदनशीलता और विवेक का प्रयोग करें। वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को समायोजित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संचालित कल्याणकारी एवं पुनर्वास योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बहुद्देशीय शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएं।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने रुद्रपुर नगर में महर्षि वाल्मीकि चौक निर्माण कराने का आग्रह मेयर से किया। साथ ही सभी निकाय अधिकारियों से पर्यावरण मित्रों का नियमित स्वास्थ्य जांच भी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसको साकार करने का कार्य हमारे पर्यावरण मित्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण मित्रों के कोई नगर निकाय नहीं चल सकता हैं।



आरोपी के साथ पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## एक साल से फरार हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

- 12 जून को युवती पर हुआ था चाकू से हमला
- गजरौला पीलीभीत से दबोचा, न्यायालय के समक्ष किया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में एक साल से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। वहीं पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शुक्रवार को थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि वनखंडी फेस एक निवासी हरिओम ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 12 जून 2024 को विक्की गौतम नाम का युवक अपने साथियों के साथ आया और बेटी काजल पर चाकू से हमला बोल दिया। चाकू का एक वार बेटी के पेट में लगा। जिससे उसकी बेटी खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गयी। लंबे उपचार के बाद उसकी जिंदगी बची।

पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपी अनूप राय व विक्की मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन प्रताप सिंह निवासी शाहू फार्म पिपरिया गजरौला पीलीभीत को 12 जून को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## चोमेला में चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

**सितारगंज, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में "नशा मुक्त भारत अभियान" व "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025" के तहत चोमेला गांव में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन की देखरेख में चाइल्ड हेल्पलाइन से केंद्र समन्वयक चांदनी रावत व गोविंद सिंह पांगती ने महिलाओं, बच्चों समेत ग्रामीणों को नशे की लत, ड्रग्स के दुष्प्रभाव, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व पुलिस हेल्पलाइन 112 की विस्तृत जानकारी दी।

वक्ताओं ने बताया कि उत्तराखंड सरकार का लक्ष्य 2025 तक राज्य को नशा मुक्त बनाना है, जिसमें पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह अभियान नशे की गिरफ्त में आए लोगों को मुख्यधारा में लाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाना चाहते हैं। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में चोमेला की सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा पानू, आंगनबाड़ी सहायिका बबली समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। सभी ने अभियान की सराहना की।

अमृत विचार की खबरें अब लाइव
www.amritvichar.com
पर भी पढ़ें

## चार महीने से बंद पड़ा सरकारी अस्पताल का हार्ट सेंटर

**काशीपुर:** एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में बना हार्ट सेंटर पीपीपी मोड में करार खत्म होने के बाद से चार माह से बंद पड़ा है। हार्ट सेंटर चलाने के लिये अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ का पद होने के बावजूद डॉक्टर की तैनाती नहीं होने से पद रिक्त पड़ा है। ऐसे में ईको और ईसीजी जैसी महंगी मशीनें धूल फांक रही है।

दरअसल एक दशक पूर्व तक सरकारी अस्पताल में बने हार्ट सेंटर में हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. बीसी जोशी अपनी सेवा दे रहे थे। इस दौरान काशीपुर के अलावा रामनगर, बाजपुर, ठाकुरद्वारा, मसवासी, नगीना तक से लोग यहां इलाज कराने आते थे। लेकिन डॉ. बीसी जोशी के अस्पताल छोड़ने के बाद करीब एक साल तक हार्ट सेंटर बंद रहा। इसके बाद पीपीपी मोड में हार्ट सेंटर को चलाया गया। लेकिन अब बताया जा रहा है कि चार माह पूर्व पीपीपी मोड का करार खत्म होने के बाद हार्ट सेंटर में ताले लग गये हैं। यहां बता दे कि अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ का पद सृजित है जो लंबे समय से रिक्त चल रहा है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव चौहान ने बताया कि उनके द्वारा हार्ट सेंटर को दोबारा चलाने के लिये उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया गया है।

# राज्यपाल ने कार्की को दिया प्रशंसा पत्र

- सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को समाज व पूर्व सैनिकों की सेवा करने पर मिला प्रशंसा पत्र
- 11 सैनिकों को वीरता पदक, दो पूर्व सैनिकों को प्रशंसा पत्र दिया

संवाददाता, दिनेशपुर





पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को प्रशंसा पत्र देते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

**अमृत विचार:** पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की की भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के बाद विगत 28 वर्षों से लगातार समाज व पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सरकार को अवगत करवाने व सेवा करने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रशंसा पत्र प्रदान किया। पूर्व सूबेदार मेजर कार्की को प्रशंसा पत्र मिलने पर पूर्व सैनिकों व लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

नैनीताल में आयोजित एक शाम सैनिकों के नाम कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय सेना के 11 अधिकारियों व सैनिकों को अलग-अलग स्थान पर दिए योगदान पर वीरता पदक देकर सम्मानित किया। वहीं दो पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व नायक जगदीश चंद्र जोशी को समाज व पूर्व सैनिक की सेवा करने पर प्रशंसा पत्र दिया गया। पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने बताया कि भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जिला उधमसिंह नगर, तहसील- गदरपुर के ग्राम- खटोला में बस गए थे। विगत 28 वर्षों से लगातार समाज सेवा के साथ -साथ पूर्व सैनिकों की समस्याओं को शासन- प्रशासन के समक्ष रखकर निराकरण करवा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2013 में तत्कालीन सरकार ने सैनिक फार्म पत्थर चट्टा की 14 00 एकड़ भूमि को बेचने के आदेश की भनक लगते ही सैकड़ो पूर्व सैनिकों के साथ जिला मुख्यालय पर विरोध में धरना- प्रदर्शन किया। पूर्व सैनिकों के आक्रोश को देखते हुए निवर्तमान मुख्यमंत्री ने शासन द्वारा दिए गए आदेश को निरस्त करना पड़ा। पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को प्रशंसा पत्र मिलने पर पूर्व सूबेदार विक्रम सिंह रावत व भगवत सिंह पांगती, खटोला प्रधान अधिवक्ता मुकेश सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, दुर्गा सिंह राणा, राजेंद्र सिंह पानू, दान सिंह बड़ती, भगत सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, सूबेदार भुपाली सिंह कोरंगा, देव सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू सहित पूर्व सैनिकों एवं लोगो ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**मौसम का मिजाज** रुद्रपुर में हल्की बारिश के बाद बढ़ी उमस, अधिकतम तापमान भी 39 डिग्री सेल्सियस से पहुंचा 33 डिग्री सेल्सियस

# आज से चार दिन मैदानी और पहाड़ी इलाकों में होगी बारिश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तराई में दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। वहीं उमस भी बढ़ गयी है। इससे लोग दिनभर परेशान नजर आए। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने आज से 18 जून तक तक मैदानी इलाकों के साथ ही पहाड़ों में बारिश की संभावना जताई है।

तराई में पिछले कई दिनों से तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी पड़ रही है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार की दोपहर रुद्रपुर में हल्की बारिश हुई। इससे उमस में इजाफा हुआ है। उमस से लोग सबसे अधिक परेशान रहे। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

वातावरण में नमी की मात्रा 63 फीसदी रही, जबकि उत्तर पश्चिम से दिशा से 11.4 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि 14 से 18 जून तक पहाड़ों के साथ ही मैदानी इलाकों में बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ बारिश होगी।





काशीपुर में चीमा चौराहे के पास जलभराव से निकलते वाहन चालक।

## दो घंटे की बारिश से काशीपुर में जलभराव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** दो घंटे की बारिश से शहर में मुख्य चौराहे समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया। हालांकि कुछ देर बाद सड़कों से पानी उतर गया। वहीं बारिश से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली। शुक्रवार को मौसम के करवट लेने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। इस दौरान करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिससे मुख्य चौराहे पर आरओबी के नीचे जलभराव हो गया। इसके अलावा चीमा चौराहे के पास सड़क पर भी पानी भर गया। वहीं कुछ निचले इलाकों में भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। हालांकि कुछ घंटे बाद सड़कों से पानी उतर गया।

जलभराव से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से नगर निगम के सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। कई इलाकों में बिजली कटौती शुरू हो गई।

## एक नजर

### नींद में छत से गिरकर युवक की मौत

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में छत से गिरकर एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नारायण कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय चरन सिंह किराए के मकान में रहता है। गुरुवार की शाम को युवक ने खाना खाया और गर्मी होने के कारण छत पर सोने चला गया। बताया जा रहा है कि देर रात्रि नींद में होने के कारण युवक छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन युवक ने दम तोड़ दिया।

### दुकान का ताला तोड़ हजारों की चोरी, रिपोर्ट

**खटीमा :** दस दिन पूर्व दुकान का ताला तोड़कर नकदी सहित हजारों का सामान चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पंजाबी कॉलोनी वार्ड नंबर 14 निवासी विजय गुप्ता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि चोरों ने दो जून को उसकी दुकान का ताला तोड़कर दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा, गल्ले में रखी आठ हजार की नगदी, कैपिटल सिगरेट के 40 बंडल, गुटके सहित अन्य सामान चुरा ले गए। घटना के बाद दुकान में सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पाया गया।

### तीन वारंटी, एक बाइक चोर गिरफ्तार

**नानकमत्ता :** पुलिस ने तीन वारंटी सहित एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि विभिन्न धाराओं में कोर्ट में वांछित चल रहे वारंटी सिमरन सिंह उर्फ सिमरू, फुम्मन सिंह, मलकीत सिंह निवासी बिचई थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार किया है। साथ ही गत 9 जून को गुरुद्वारा लंगर हाल से चोरी की गयी मोटर साइकिल के साथ शेर सिंह उर्फ शेरी निवासी जोगीठेर नगला को गिरफ्तार किया गया है।

### स्मैक संग दो महिलाओं और युवक को दबोचा

**नानकमत्ता :** पुलिस ने दो महिलाओं सहित एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नगला गांव निवासी गोविंद सिंह के कब्जे से 18.5 ग्राम, विमला कौर के कब्जे से 15.5 ग्राम तथा राजविंदर कौर के कब्जे से 14.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट

**बाजपुर :** घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप एक युवक पर लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर नामजद देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महेशपुरा निवासी आसमा पत्नी इशरत अली ने पुलिस को बताया कि 12 जून की देर रात करीब 8 बजे गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस गया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोपित ने लाठी-डंडों आदि से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर उसके बेटे नाजिर के साथ ही बेरहमी से मारपीट की गई है। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

### कच्ची शराब संग धरा

**काशीपुर :** ग्राम गढ़ीनेगी से तुमड़िया डैम को जाने वाले रास्ते पर कुंडा थाना के एसआई राकेश सिंह बोहरा ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर तलाशी ली। उसके पास से 50 पाउच 17 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजू सिंह निवासी ग्राम किलावली थाना कुंडा बताया।

# अंतरराज्यीय साइबर ठगी के छह सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

## काठगोदाम से चल रहा था ठगी का धंधा, साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने का था टारगेट, प्रयुक्त उपकरणों को किया बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसटीएफ और साइबर क्राइम की संयुक्त टीम ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो साइबर ठगी की रकम को खातों में स्थानांतरित करने का धंधा संचालित करता है। संयुक्त टीम ने काठगोदाम में दबिश देकर छह सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया और साइबर ठगी में प्रयुक्त उपकरणों को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शुक्रवार को एसटीएफ एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय से साइबर टीम को सूचना मिली थी कि साइबर ठगी का एक गैंग नैनीताल जनपद में सक्रिय है। प्रकरण की तफ्तीश एसटीएफ एसपी सिंह और साइबर क्राइम सेल प्रभारी अरुण कुमार को दी। संयुक्त टीम अभी तफ्तीश ही कर रही थी कि तकनीकी पड़ताल में पता चला कि जिन सिम का प्रयोग ठगी की रकम को खपाने में किया जा रहा है, वह नैनीताल जनपद के काठगोदाम इलाके में सक्रिय है। जिसके आधार पर 12 जून की रात्रि को गांव बासुली अमृतसर थाना काठगोदाम में दबिश दी तो पता चला कि निर्माणाधीन होम स्टे के बाहरी दो कमरों में कुछ युवक लैपटॉप व मोबाइल के माध्यम से साइबर ठगी की रकम को खोले गए फर्जी खातों में भेज रहे हैं। पुलिस ने मौके से छह सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी की है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अमृतपुर भीमताल निवासी जतिन पांडे, ग्राम जाड़ापानी धानाचूली मुक्तेश्वर निवासी कमल किशोर, गौलापार काठगोदाम निवासी हर्ष बोरा, गांव बिराहिमपुर निजामपुर सोरीक कन्नौज यूपी निवासी कौशल किशोर उर्फ आशीष ठाकुर, गोरापड़ाव हल्द्वानी निवासी प्रेम कुमार और ग्राम बडरीया दल पकडी बाजार देवरिया निवासी करन केवट बताया। अभियुक्तों के कब्जे से छह लैपटॉप, कई कंपनियों के 23 मोबाइल, नो बैंक खातों की दस्तोवज, 17 कंपनियों के सक्रिय मोबाइल सिम कार्ड, वाईफाई डिवाइस के अलावा एक डायरी भी बरामद हुई। जिसमें कई नंबर दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



साइबर ठगी के सक्रिय सदस्यों के साथ एसटीएफ-साइबर क्राइम सेल की टीम। ● अमृत विचार

### सचिन-प्रियांशु ने ही बनाई थी टीम

**रुद्रपुर :** एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि अभियुक्तों से हुई पूछताछ में पता चला कि 15 मार्च को सचिन मित्तल और प्रियांशु शर्मा निवासी हल्द्वानी की मुलाकात हुई थी। 18 मार्च को ही दोनों ने काठगोदाम में होम स्टे लिया था और उसमें बेड, गद्दे, टेबल, कुर्सी, कूलर, इनवर्टर आदि की सभी व्यवस्थाएं की थी और गिरफ्तार छह अभियुक्त जो कि ज्यादातर नैनीताल जनपद के ही रहने वाले हैं। इन सभी एकत्रित कर नेटवर्क स्थापित कर चला गया। यह भी पता चला है कि सचिन कई प्रदेशों में जाकर इसी प्रकार से नेटवर्क बनाता है।

### मार्च में संगठित हुआ था गिरोह

**रुद्रपुर :** साइबर क्राइम सेल प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि जतिन पांडे एक सेंटर संचालक है। 15 मार्च 2025 को सचिन मित्तल से मुलाकात के बाद जतिन ने 18 मार्च को टेलीग्राम ऐप के माध्यम से सभी आरोपियों को हल्द्वानी बुलाया और काठगोदाम में होम स्टे के दो कमरे किराए पर लिए। इसके बाद से ही अपना साइबर ठगी का गैंग तैयार कर लिया।

### बेरोजगार-पढ़े लिखे नौजवान होते हैं निशाना

**रुद्रपुर :** सचिन मित्तल और प्रियांशु शर्मा साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए अक्सर बेरोजगार और शिक्षित युवाओं को चिह्नित करते हैं। इसके अलावा वही युवाओं को अपने नेटवर्क में शामिल करते हैं, जिन्हें कंप्यूटर का बेहतर ज्ञान है। यही वजह है कि सभी अभियुक्तों को 20 से 25 हजार प्रतिमाह और रहना-खाना सब फ्री दिया गया, लेकिन मई व जून माह यानी दो माह बाद ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई।

### व्हाट्सअप पर बात, कोरियर से संदेश

**रुद्रपुर :** पूछताछ में यह भी पता चला है कि मास्टरमाइंड सचिन मित्तल को अभियुक्तों ने सिर्फ एक बार ही देखा था। उससे बातचीत सिर्फ व्हाट्सअप कॉल से होती थी। जब भी सचिन कोई टास्क देता या फिर खातों की डिटेल देता था तो वह कोरियर के माध्यम से देता था। इसी कारण अभियुक्त की ठीक से पहचान भी नहीं सकी।

## महिला के अपहरण का प्रयास, रिपोर्ट

**काशीपुरः** एक क्लीनिक में नौकरी करने वाली महिला ने कार सवार युवक पर उसका जबरन अपहरण करने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जिला रामपुर के थाना टांडा बादली के एक ग्राम निवासी एकता कांबोज ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसमें बताया कि वह चीमा चौराहे के पास एक क्लीनिक पर कार्य करती है। प्रतिदिन वह स्कूटी से सुबह 9 बजे क्लीनिक आती है तथा रात लगभग 8 बजे अपने घर वापस जाती है। बीते एक सप्ताह से एक व्यक्ति कार से उसका पीछा कर रहा था। बीती 6 जून की रात लगभग 8 बजे ड्यूटी समाप्त कर घर जा रही थी। इसी दौरान ग्राम धीमरखेड़ा मोड़ पर वही व्यक्ति उसका पीछा करता हुआ आया और उसकी स्कूटी के आगे कार रोककर मोबाइल नंबर मांगने लगा। जब उसने मोबाइल नंबर देने से मना किया तो वह चला गया। इसके बाद भी कार चालक उसका लगातार पीछा करता रहा। आरोप लगाया बीती 11 जून को जब वह घर जा रही थी, तो दढ़ियाल रोड पर परमानंदपुर मोड़ पर लगभग साढ़े आठ बजे वही व्यक्ति कार से आया।

# जवानों के साथ दौड़े कप्तान घुड़सवारी का उठाया लुत्फ

- साप्ताहिक परेड में परखी व्यवस्था और अनुशासन
- फिट उत्तराखंड, हिट उत्तराखंड का दिया संदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** फिट उत्तराखंड, हिट उत्तराखंड का संदेश देते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने साप्ताहिक परेड में जवानों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। वे जवानों के साथ खुद भी दौड़े और घुड़सवारी का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि जनपद के जवानों का फिट रहना ही बेहतर पुलिसिंग की पहचान होती है।

शुक्रवार की सुबह 7 बजे एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी और सीओ प्रशांत कुमार के साथ पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और फिर जवानों की परेड को सलामी दी। इस दौरान एसएसपी अधीनस्थों के साथ दौड़े और जवानों को स्वस्थ रहने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को पुलिस लाइन के अलावा जनपद की थाना-कोतवाली में भी एसपी सिटी और सीओ मौका मुआयना करते हैं और शारीरिक अभ्यास कर जवानों को फिट रखते हैं। एसएसपी ने जवानों को खान-पान और रहन सहन पर विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया। इसके बाद एसएसपी पुलिस लाइन स्थित घुड़सवार टीम परिसर पहुंचे और घुड़सवारी कर लुत्फ उठाया।



घुड़सवारी का लुत्फ उठाते एसएसपी। ● अमृत विचार

## एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख रुपये उड़ाए

**बाजपुरः** अज्ञात व्यक्तियों पर एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चकरपुर रोड निवासी बहोरन लाल ने पुलिस को बताया कि 12 जून की सायं करीब साढ़े सात बजे बेटा लवकेश कुमार एक बैंक के एटीएम से पैसे निकालने के लिए उनका एटीएम कार्ड लेकर गया था। आरोप है कि वहां पहले से ही मौजूद 3-4 अन्य लोगों ने बेटे को बातों में उलझाकर उनका एटीएम कार्ड अपने कार्ड से बदल दिया। इतना ही नहीं बेटे द्वारा एटीएम का प्रयोग करते वक्त पिन कोड भी देख लिया। काफी प्रयास के बाद भी जब पैसे नहीं निकले तो लवकेश दूसरे कार्ड को धोखे से अपने साथ ले आया। आरोप है कि उनके बैंक खाते से कई बार में करीब एक लाख रुपये की नकदी की निकासी हो गई है।

# स्टोन क्रशर के नाम पर साढ़े सात एकड़ भूमि हड़प ली

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** पार्टनरशिप में स्टोन क्रशर लगाकर अच्छा लाभ कमाने की बात कह किसान को विश्वास में लेकर साढ़े सात एकड़ भूमि का बैनामा करवा लिया। बाद में पैसा नहीं देने पर पीड़ित किसान ने उच्चाधिकारियों से मामले की लिखित शिकायत कर दी। पुलिस ने एसएसपी के आदेशों के क्रम में तहरीर में नामजद सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

ग्राम लधुपुरा बाजपुर निवासी जसपाल सिंह ने एसएसपी को बताया कि उसके नाम पर ग्राम लधुपुरा में करीब साढ़े सात एकड़ जमीन थी। मोहल्ला गंज काशीपुर निवासी अनूप अग्रवाल व ग्राम खम्बारी बाजपुर निवासी तजेंद्र सिंह ने कहा कि इस भूमि पर पार्टनरशिप में स्टोन क्रशर लगाते हैं, अच्छा लाभ होगा। क्रशर लगवाने से पहले जमीन पार्टनरों के नाम करनी पड़ेगी तभी परमिशन मिलेगी। जमीन की जो भी कीमत बनेगी उतना रुपया जसपाल सिंह को दिया जाएगा तथा क्रशर लगवाने में जो भी खर्चा आएगा, उसे पार्टनरों में बराबर बांटा जाएगा। इस दौरान अनूप अग्रवाल द्वारा कहा गया कि क्रशर में जसपाल सिंह के साथ ही अनूप अग्रवाल का बेटा अमोल अग्रवाल, आनंद होम्स काशीपुर निवासी वरुण अग्रवाल, कोलड़ा किच्छा निवासी दलजीत सिंह व खम्बारी बाजपुर निवासी तजेंद्र सिंह पार्टनर रहेंगे।

जमीन मालिक जसपाल ने इस प्रस्ताव को मान लिया और अनूप अग्रवाल के कहने पर अपने हिस्से की जमीन में से 6 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री इन लोगों के नाम पर वर्ष 2017 में करवा दी। बैनामे के दौरान रजिस्ट्री में चेक खुलवा दिए और कहा कि यह चेक जसपाल सिंह को जल्द मिल जाएंगे। इसके बाद अनूप अग्रवाल द्वारा पाल ग्रीड्स नाम से स्टोन क्रशर की अनुमति करवा दी। पीड़ित के अनुसार अनूप अग्रवाल द्वारा एक बार फिर से जसपाल को विश्वास में लेकर क्रशर का सौदा पांच करोड़ रुपये में रोशन लाल तोमर से कर दिया। इतना ही नहीं जसपाल सिंह से कहा गया कि अपने हिस्से की जमीन की रजिस्ट्री भी रोशन लाल तोमर के नाम पर कर दो पुराना व नया लाभ पूरा मिलेगा। उसे एक बार फिर से विश्वास में लेकर अनुमति समेत क्रशर व जमीन रोशन लाल को बेचने के संबंध में हाथ से लिखे एक कागज जसपाल सिंह से हस्ताक्षर करवा लिए और डेढ़ बीघा जमीन की रजिस्ट्री भी रोशन लाल तोमर व रविंद्र शर्मा के नाम पर करवा दी। इस भूमि पर वर्तमान में पाल ग्रीड्स नाम से स्टोन क्रशर लगा हुआ है। आरोप है कि काफी समय बीतने के बाद भी अनूप अग्रवाल द्वारा जसपाल सिंह को कोई रुपया नहीं दिया गया और ना ही रजिस्ट्री में खोले गए चेक दिए। कई बार इन लोगों से जमीन की रजिस्ट्री के रुपये देने के लिए कहा गया, परंतु टाल-मटोल कर रहे हैं।

# पुत्र की जान माल की सुरक्षा को लगाई पुलिस से गुहार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पुत्र की जान माल की सुरक्षा को लेकर पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने एक को नामजद करते हुए अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में संजय शर्मा निवासी दुर्गा कॉलोनी ने बताया कि उसके पुत्र वंश शर्मा के साथ बीती 30 अगस्त 2024 को कुछ लोगों ने वारदात की थी। जिसकी रिपोर्ट उसने दर्ज कराई थी। इस मामले में लिप्त व्यक्ति उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देते रहते थे और अक्सर उसके घर के आसपास घूमते रहते थे। अब अयान निवासी जसपुर खुर्द इंस्टाग्राम पर उसके पुत्र वंश को धमकी दे रहा है। बीती 3 जून 2025 को पड़ोस में रहने वाले लोगो ने बताया कि अयान व उसके साथी उसके पुत्र की हत्या करने के लिए कह रहे थे और वंश की तलाश में है। बताया कि अयान एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उस पर कई अपराधिक मामले भी चल रहे हैं। अयान ने पूर्व में अनेको ऐसे वीडियो इंस्टाग्राम पर डाले हैं जिनसे समाज में भय फैलता है। जिसके चलते उसके पुत्र को जान माल का खतरा बना हुआ है। बीती 10 जून की रात करीब 9 बजे जब वह गिरीताल से दुर्गा कॉलोनी रोड पर बाइक से जा रहे थे तभी अयान व उसके साथियों ने दो बाइकों से उनका पीछा कर प्रणामी मंदिर के पास रोककर मारपीट की।

# दुकान में चोरी के मामले में तीन किशोर पकड़े

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** फर्नीचर की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने व्यापारी की तहरीर के आधार पर अज्ञात तीन संदिग्धों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन किशोरों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से नकदी व सामान बरामद कर लिया है। आरोपियों को किशोर न्यायालय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया जिन्हें बाद में बाल सुधारगृह भेज दिया गया है।

नगर पंचायत नरपतनगर स्वार रामपुर उप्र निवासी मुनतीयान अहमद ने पुलिस को बताया कि ग्राम महेशपुरा में केजीएन हार्डवेयर बाम्बे फर्नीचर के नाम से दुकान है। आरोप है कि 11-12 जून की मध्य रात्रि 12.20 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति ममटी से होकर दुकान में घुस गए और गल्ला तोड़कर 28 हजार रुपये, 5 कैमरे, एलसीडी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चेक किया गया तो तीन अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति दुकान में दिखाई दे रहे हैं। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली। साथ ही सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर तीन किशोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया गया, जिन्होंने पूछताछ घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। आरोपियों की निशानदेही पर दुकान से चोरी गया सामान बरामद कर लिया है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP
BAREILLY
Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**मामला** महानगर अध्यक्ष का जलता पोस्टर हुआ वायरल, लिखा था-महानगर अध्यक्ष हटाओ, रुद्रपुर बचाओ

# दिग्गज हुए शांत, अब सोशल मीडिया पर वार शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस के दो दिग्गजों की जुबानी जंग अभी ठीक से शांत भी नहीं हुई थी। अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपसी गुटबाजी को प्रदर्शित करते हुए महानगर अध्यक्ष का जलता हुआ पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें लिखा था कि महानगर अध्यक्ष हटाओ, रुद्रपुर बचाओ। इससे साफ हो गया है कि जुबानी जंग शांत होने के बाद अब सोशल मीडिया वार प्रारंभ हो चुका है।

बताते चलें कि दो दिन पहले ही किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के बीच जमकर जुबानी जंग शुरू हुई थी। अभी जंग थोड़ा शांत ही हुई थी कि सोशल मीडिया पर किसी कार्यकर्ता ने फोटो युक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा का पोस्टर जलते हुए वायरल कर दिया। पोस्टर में लिखा था कि महानगर अध्यक्ष हटाओ और रुद्रपुर बचाओ।

जलते पोस्टर की वीडियो वायरल होते ही एक बार फिर रुद्रपुर में कांग्रेस की गुटबाजी देखने को मिलने लगी है। जहां बेहड़ और लाडी गुट भी आमने सामने आ गये हैं। अब यह खुन्नस सोशल मीडिया पर दिखने लगी है। अब देखना यह है कि गुटबाजी आगामी विधानसभा में क्या गुल खिलाएगी या फिर प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व रोकथाम के कठोर प्रयास करेगी।




जलता हुआ महानगर अध्यक्ष फोटो युक्त पोस्टर। ● अमृत विचार



" कुछ वरिष्ठ नेता हैं जो उनकी महानगर अध्यक्ष की कुर्सी को पचा नहीं पा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से जलता पोस्टर वायरल कर पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। बावजूद महानगर अध्यक्ष होने के नाते वह 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं और ऐसे लोगों को चिह्नित कर सूचीबद्ध कर रहे हैं जो पार्टी विरोधी कार्य कर रहे हैं। जल्द ही ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाएगा।

**-सीपी शर्मा,** महानगर अध्यक्ष, रुद्रपुर

### गोवंश पशु ने ग्रामीण पर हमला कर किया गंभीर रूप से घायल

**किच्छा :** छुट्टा गोवंश पशु द्वारा ग्रामीण पर हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल ग्रामीण को पशु से बचाकर घायल अवस्था में इलाज के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। तीसरी मिल, ग्राम गडरिया बाग, किच्छा निवासी 62 वर्षीय बुंदेल गिरी गांव में मजदूरी के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक सांड ने उस पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि जान बचाने के लिए बुंदेल गिरी ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पशु ने उसका पीछा कर कई बार उठाकर जमीन पर पटक दिया। पीड़ित द्वारा शोर मचाए जाने के बाद भीड़ मौके पर जमा हो गई और पशु जंगल की तरफ भाग गया। घायल अवस्था में ग्रामीण के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए उसे नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डैनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे-जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेजी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है—डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी -बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

–फेसबुक वॉल से

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वत: जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा'कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# रुद्रपुर के किसानों को सिखाई कृषि तकनीक

## टिकाऊ व समृद्ध खेती के लिए किया प्रोत्साहित, जीबी पंत विवि का विकसित कृषि संकल्प अभियान संपन्न

- समृद्ध खेती की दिशा में प्रोत्साहित किया

संवाददाता, पंतनगर


किसानों को कृषि संबंधित जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ टीम का रुद्रपुर ब्लॉक के अजीतपुर, बरी और सतुसुईया गांवों में जागरूकता कार्यक्रम के साथ 15 दिवसीय अभियान संपन्न हो गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों, जलवायु अनुकूल किस्मों और सरकारी योजनाओं से जोड़कर टिकाऊ व समृद्ध खेती की दिशा में प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. बीडी सिंह ने मोटे अनाजों (श्रीअन्न) जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, रागी आदि की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि ये अनाज जलवायु परिवर्तन के दौर में भी कम पानी, कम लागत और अधिक पोषण के कारण किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने श्रीअन्नों की वैज्ञानिक खेती, फसल चक्र और प्रसंस्करण के महत्व को भी रेखांकित किया। कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के प्रभारी डॉ.अजय प्रभाकर ने जैविक खेती के लाभ और उसकी तकनीकों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि जैविक खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित रहती है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और बाजार मूल्य भी बेहतर होता है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरकों और कीट नियंत्रण के प्राकृतिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गई है। कृषि संचार की सहायक अध्यापक डॉ.अर्पिता शर्मा कांडपाल ने महिलाओं की भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि जब महिलाएं नवाचार अपनाती हैं तो पूरा समुदाय आगे बढ़ता है। उन्होंने मोबाइल ऐप और सोशल मीडिया जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन की व्यावहारिक जानकारी साझा की। साथ ही बताया कि किस प्रकार किसान अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी की प्राध्यापक डॉ.स्वाति ने बीज की गुणवत्ता को कृषि की नींव बताते हुए गेहूं, धान और जौ की उन्नत व जलवायु अनुकूल किस्मों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने हाइब्रिड बीजों के चयन, बीजोपचार और बीज उत्पादन की सरल व कम लागत वाली विधियों पर भी चर्चा की। कीट विज्ञान की प्राध्यापक डॉ. मीना अग्निहोत्री ने कीट प्रबंधन की सस्ती, सरल और जैविक तकनीकों जैसे ट्राइकोग्रामा, फेरोमोन ट्रैप और नीम तेल के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचने और प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने पर जोर दिया। किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया और अनुरोध किया कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से और अधिक गांवों में भी कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से न केवल जानकारी मिली, बल्कि सोच में सकारात्मक परिवर्तन भी आया। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सशक्त पहल साबित हुआ।

# विधायक बेहड़ ने छह से अधिक विकास कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा


विकास कार्य का लोकार्पण करते विधायक बेहड़ एवं उपस्थित क्षेत्रवासी।

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत नजीबाबाद के पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए करीब 54 लाख रुपये की लागत से आधा दर्जन विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान तमाम स्थानों पर स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

विधायक बेहड़ ने राज्य योजना के तहत डम्पी फार्म से ग्राम बखपुर तक 36.70 लाख रुपये की लागत से सड़क के पुनर्निर्माण कार्य, विधायक निधि से ग्राम खुरपिया स्थित मंदिर में तीन लाख की लागत से निर्मित कार्य, ग्राम कलकत्ता फॉर्म में ढाई लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण, ग्राम नजीमाबाद के मत्स्य कॉलोनी में 2.79 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण, ग्राम नजीमाबाद में 3.73 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम धौराडैम जीरोबंदा क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा साहिब में 5 लाख की लागत से टिनशेड एवं फर्श निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर तथा फीता काट कर लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने खुरपिया मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि धौराडैम (नजीमाबाद) का पूरा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के स्वामित्व के अधीन आता है तथा इसको उत्तराखंड में मिलाने के लिए उनके द्वारा प्रयास कर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मुद्दे को लेकर आगामी दिनों में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, अरुण शुक्ला, गुलशन सिंधी, बलदेव सिंह, बलवंत सिंह, सोनी सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक जीत सिंह, मोहन सिंह, राजेश पाल, गगनदीप सिंह, जसवीर सिंह, सुरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, मलकीत सिंह, बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह, मनोज तिवारी, योगेंद्र कुमार, सोमपाल, परमजीत सिंह, आमना बेगम, कलावती देवी आदि मौजूद रहे।

# योग की जानकारी दी


खटीमा में 'आओ हम सब योग करें' अभियान के तहत योग करते लोग।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन व नमामि गंगे के तत्वावधान में चलाए जा रहे 'आओ हम सब योग करें' अभियान के तहत मेलाघाट रोड स्थित बग्गा कॉलोनी में योग शिविर का आयोजन किया गया। छात्रा मंजू ने शिविर में योग के बारे में जानकारी दी।

वहीं लगातार चल रहे योग शिविर का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा। शिविर में मंजू ने योग के आसनों पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुरासन, और सर्वांगासन, सूर्य नमस्कार, प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, और अश्व संचालनासन आदि के बारे में जानकारी देकर योगाभ्यास कराया। इसके साथ ही प्राणायाम आहार विहार एवं जीवन शैली में योग के अनुसार महत्व पर भी चर्चा की गई। पीजीडीवाई की छात्रा मंजू ने विभिन्न महत्वपूर्ण योगासनों के करने के तरीकों, उनकी मुद्राओं तथा योगासनों से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी।

## कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा आज

**जसपुर :** बाबा नीब करौरी सेवा समिति के सदस्य शनिवार को कैंची धाम के स्थापना दिवस पर नगर में शोभायात्रा निकालेंगे। इस दौरान सुंदर कांड, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के सदस्य विमल सिंह चौहान ने बताया कि 14 जून को प्रातः 9 बजे सुभाष चौक से यात्रा का शुभारंभ कर मुख्य मार्ग से होते हुए अस्पताल मार्ग स्थित काली माता मंदिर पर यात्रा का समापन होगा। 15 जून को प्रातः 8 बजे से सुभाष चैक पर ही सुंदर कांड किया जाएगा। इसी दिन सुबह 10 बजे से शाम तक प्रसाद वितरण एवं भंडारे का कार्यक्रम चलता रहेगा। इस मौके पर हरिओम सिंह, सनी पधान, नीरज चौहान, नवीन अग्रवाल, तरुण गहलोत, अर्पित रस्तोगी, विमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# तीरथनगर गांव को भोगपुर में शामिल करने की उठाई मांग

संवाददाता, जसपुर


जसपुर में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन देते मंडल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की मांग पर भरतपुर-मेघावाला मंडल के भाजपा पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री से भेंट की। उन्होंने मंत्री से तीरथनगर गांव और उसके आसपास बसे आबादी क्षेत्र को राजस्व ग्राम भोगपुर में शामिल करने के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव पास कराने की मांग की।

मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर एवं महामंत्री हरप्रीत सिंह हैप्पी ने प्रभारी मंत्री गणेश जोशी से मेघावाला गांव में भेंट कर कहा कि भोगपुर डैम क्षेत्र में तीरथ नगर एवं भोगपुर जलाशय के उपयोग की भूमि से अतिरिक्त भूमि और वन विभाग की 950 एकड़ भूमि पर आबादी बसी है। ये लोग भोगपुर जलाशय के निर्माण के समय से ही इस भूमि पर निवासरत हैं। दोनों ग्रामों में लगभग 825 परिवार रहते हैं। जिसकी आबादी लगभग सात हजार है। इनका मुख्य व्यवसाय कृषि और मजदूरी है। इसी गांव में एक उच्चतर राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं 11 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। ग्राम तीरथ नगर और उसके आसपास की आबादी को राजस्व ग्राम भोगपुर में शामिल करने के लिए कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया जाए। हरप्रीत ने बताया कि उनकी मांग पर मंत्री ने इस प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में रखने का आश्वासन दिया। वहां मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, आकांक्षा ठाकुर, भास्कर तिवारी, अभिषेक सुखीजा आदि मौजूद रहे।

# गन्ना विकास समिति के चुनाव की तैयारी

संवाददाता, खटीमा

- 20 को 72 डेली गेट, 4 जुलाई को 12 डायरेक्टरों के लिए होगा मतदान

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समितियों के सामान्य निकाय, प्रबंध कमेटी तथा सभापति के चुनाव की तिथि सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण अध्यक्ष हंसा दत्त पांडे ने घोषित कर दी है।

चुनाव के घोषित कार्यक्रम के तहत सहकारी समितियों के प्रतिनिधि का निर्वाचन 20 जून, प्रबंध कमेटी सदस्यों का चुनाव चार जुलाई तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव पांच जुलाई को संपन्न होगा। इधर सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव को लेकर गन्ना किसानों की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। खटीमा मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव महेन्द्र यादव ने बताया कि समिति के सामान्य निकाय (डेली गेट) के नामांकन पत्र की बिक्री एवं जमा करने की तिथि 14 जून, मतदान व मतगणना 20 जून को होगी। प्रबंध कमेटी के डायरेक्टर के पर्चे 24 जून को भरे जाएंगे। मतदान व मतगणना चार जुलाई को होगी। वहीं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का मतदान पांच जुलाई को संपन्न होगा। सहकारी गन्ना विकास समिति खटीमा-मझोला के लिए 72 डेली गेट, 12 डायरेक्टर, सभापति एवं उपसभापति का चुनाव होना है। फिलहाल 72 डेलीगेट, 12 डायरेक्टरों का चुनाव निर्विरोध कराने में संभावित प्रत्याशी जुटे हैं।

# पीएलवी के माध्यम से होगा समस्याओं का हल

- ग्रामसभा भूड़ाकिशनी में विधिक शिविर का आयोजन
- टोल फ्री नंबर 15100 पर शिकायत करने की अपील

संवाददाता, खटीमा


खटीमा के भूड़ा किशनी में आयोजित विधिक शिविर को संबोधित करते अपर सिविल जज अमित भट्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील सचिव अपर सिविल जज अमित भट्ट की अध्यक्षता में ग्रामसभा भूड़ा किशनी में विधिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सचिव भट्ट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं एवं घरेलू हिंसा का निदान पैनल अधिवक्ताओं द्वारा कराया जाएगा।

यह भी कहा कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र के पीएलवी को बताएं क्या समस्याएं हैं या लिखित रूप में अपनी समस्या दे सकते हैं। उन्होंने नासा सालसा डालसा के बारे में विस्तार से बताया एवं टोल फ्री नंबर 15100 पर भी शिकायत करने की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, स्नेह प्रभा, ममता शर्मा, विमलेश शर्मा, इलियास सिद्दीकी ने नालसा सॉन्ग एक मुट्ठी आसमान पर हक हमारा भी तो है गाने की थीम के बारे में समझाया। नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा, स्थाई लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में जो वाद निपटाए जाते हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वूमेन कंपनसेशन के बारे में और किसी भी विभाग से संबंधित कोई भी समस्या हो उसका निवारण करवाया जाएगा। संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। इस अवसर पर कमला गोस्वामी, मंजू बिष्ट, मीरा देवी, भगवती राणा, ठग्गो देवी, आरबी सिंह, लाल सिंह, पिंकी राणा, प्रीती राना, आशा रानी, गीता शर्मा, प्रभु दयाल आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में ग्रामीणों को स्कीम की जानकारी देते पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद।

## प्राधिकरण से मिलने वाली विधिक सेवाओं की जानकारी दी

**बाजपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में उत्तराखंड कंपनसेशन स्कीम फार वुमेन विक्टिम्स/सरवाइवर्स आफ सेक्सुअल असाल्ट/अदर क्राइम्स-2020 विषय पर शुक्रवार को ग्राम लखनपुर स्थित श्रीराधाकृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट में शिविर का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में लगे इस शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने ग्रामीणों को उत्तराखंड कंपनसेशन स्कीम इस योजना के बारे में विस्तार पूर्व जानकारी दी। साथ ही प्राधिकरण से मिलने वाली निश्शुल्क विधिक सेवाओं एवं नालसा निश्शुल्क हेल्पलाइन नंबर-15100 के बारे में भी जागरूक किया। इस मौके पर अलाउद्दीन, सुरेश कुमार, बलवीर सिंह, पूजा देवी, ज्योति, हरीश सैनी, पवन कुमार, हवेश अली, शफीक अहमद, सलामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



बाजपुर में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता।

### शिविर में 545 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**बाजपुर :** नई उम्मीद नई पहल के अंतर्गत शुक्रवार को स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ चिकित्साधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता ने किया। शिविर में चिकित्सीय टीम ने करीब 545 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। साथ ही निश्शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर पीएचसी केलाखेड़ा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.रविशंकर श्रीवास्तव, बीपीएम संजीव पाल, बीएलए सुबोध कुमार सक्सेना, चीफा फार्मासिस्ट दलजीत सिंह गोराया, डा.विनय यादव, डा.अशोक सिंह तोमर, डा.विनीत कोठारी, डा.नेहा भट्ट, डा.आकांक्षा, ब्लाक कोआर्डिनेटर ब्रजबाला शर्मा, आशा कार्यकर्ता रीता कश्यप, कुलविंदर कौर, शशि गुप्ता, सरोज आदि मौजूद रहे।


किच्छा स्थित महाविद्यालय में विचार व्यक्त करते वक्ता।

### राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की

**किच्छा :** नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आइक्यूएसी करियर काउंसलिंग और कोर्स के तहत काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। काउंसलिंग में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा के संबंध में नीति पर जागरूक किया गया। यह आयोजन उन छात्र छात्राओं के लिए किया गया है जो ग्रेजुएशन के सिक्स सेमेस्टर में हैं। काउंसलिंग आयोजन में परामर्शदाता के रूप में सूरजमल विश्वविद्यालय के बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील पंत ने छात्र-छात्राओं को बीएड करने के बाद रोजगार संसाधनों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने की। संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक नरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 70 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### आरएम ने किया रोडवेज बस डिपो का निरीक्षण

**काशीपुर, अमृत विचार :** रोडवेज की कुमाऊं रीजन आरएम पूजा जोशी ने काशीपुर रोडवेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिपो की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिकारियों ने आरएम को बताया कि बरसात में सर्विस रोड से बसों को गुजारने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काशीपुर रोडवेज में 64 बसों का संचालन किया जाता है। शुक्रवार को अधिकारियों के निरीक्षण में काशीपुर एआरएम देशराज आंबेडकर यहां की स्थिति से काफी आहत नजर आए।



जसपुर में व्यापार मंडल पदाधिकारियों का स्वागत करते पालिका चेयरमैन।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सम्मानित किया

**जसपुर :** नगर पालिका के चेयरमैन ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की स्थानीय कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने चेयरमैन के साथ नगर में विकास को लेकर चर्चा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ चेयरमैन मो.नौशाद सम्राट के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पालिका की ओर से मुख्य बाजार में प्याऊ लगवाने, शौचालय बनवाने, पार्किंग की व्यवस्था किए जाने एवं बाजार के जाम से निजात दिलाने की मांग की। चेयरमैन ने बताया कि मुख्य बाजार समेत नगर के कई स्थानों पर प्याऊ लगाया जाना प्रस्तावित है। पार्किंग एवं शौचालय के लिए जगह की तलाश की जा रही है। जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों के जल्द ही बैठक की जाएगी। इस दौरान व्यापारियों एवं चेयरमैन में विकास के कई अहम विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके बाद चेयरमैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिओम सिंह, महामंत्री विमल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अर्पित रस्तोगी को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर राजाराम राजपूत, त्रिलोक अरोरा, सतीश अरोरा, मो.यामीन आदि मौजूद रहे।

# मातृत्व मृत्यु के कारणों की समीक्षा की

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर के एसडीएम कार्यालय में समीक्षा बैठक में मातृत्व मृत्यु विषय पर चर्चा करतीं एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में उपजिलाधिकारी डॉ.अमृता शर्मा की अगुवाई में मातृत्व मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गय। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षेत्र में हुई दो एवं 2025-26 में हुई एक मातृ मुत्यु के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए यह जानने का प्रयास किया गया कि इन घटनाओं की वजह क्या रही।

बैठक में मातृ मृत्यु एवं शिशु कम करने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा गया कि समस्त एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता को अपने-अपने कार्यक्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि को देखते हुए उनके संपर्क में रहने और सही समय पर प्रसव के लिए लेकर जाने तथा उनकी प्रसव पूर्व समस्त आवश्यक जांचे कराना सुनिश्चित करने, हाईरिस्क प्रेग्नसी वाली गर्भवती महिलाओं को चिह्नित करने एवं सभी जरूरी जांच करवाने के साथ ही समय-समय पर फालोअप किया जाना सुनिश्चित करने की बात कही गई। इसके अलावा जिन सरकारी चिकित्सा इकाइयों में प्रसव की सुविधा उपलब्ध है, वहां के चिकित्साधिकारी एवं सहायक स्टाफ को निर्देशित किया गया कि गर्भवती को यदि सामान्य प्रसव में परेशानी हो रही है, तो समय से उच्च चिकित्सा इकाई से संपर्क कर मरीज की हालत एवं स्थिति से अवगत कराएं, जिससे कि उनके पहुंचने पर बिना विलंब के समुचित उपचार मिल सके। इस मौके पर सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केलाखेड़ा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रविशंकर श्रीवास्तव, एएनएम हिमानी भंडारी,नीरू पासी मौजूद रहे।

# अहमदाबाद विमान हादसा देश के लिए काफी दुर्भाग्यपूर्ण

## खटीमा नगर पालिका में दो मिनट का मौन धारण कर दुख जताया गया, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** अहमदाबाद विमान हादसे में यात्रियों की मौत पर उनकी आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को नगरपालिका में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे को देश के साथ विश्व के लिए भी बड़ी क्षति करार दिया। कार्यकर्ताओं ने मृत यात्रियों एवं उनके परिवार जनों के लिए इस दुखद घड़ी में सांत्वना प्रकट की। इस दौरान शोकसभा में पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, आशीष श्रीवास्तव, विश्वनाथ यादव, विजय कुमार, लक्ष्मण भंडारी, आनन्द धरियाल, मनोज शाही, लक्ष्मण प्रजापति, अंकुर गुप्ता, नीलू गुप्ता, स्मिता राणा, किशन सिंह किन्ना, शुभम वाल्मीकि, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, रवि सक्सेना, मनोज गुलाटी, संगीता राणा, मनोज श्रीवास्तव, करण यादव, विजय कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।


विमान हादसे में मरने वालों को खटीमा में श्रद्धांजलि देते पालिकाध्यक्ष, सभासद।


खटीमा में भाजपा मंडल की बैठक के दौरान विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

### नानकमत्ता में भी संवेदना व्यक्त की गई

**नानकमत्ता :** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, सचिव हरभजन सिंह, सदस्य गुरुबंत सिंह, देवेन्द्र सिंह, सुखबंत सिंह पन्नू, अमरजीत सिह वेदी, कुलदीप सिंह पन्नू, गुरदयाल सिंह, प्रभाग सिंह आदि शामिल थे।

### विकसित भारत संकल्प सभा को लेकर किया मंथन

**खटीमा :** लोक निर्माण विभाग में हुई भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक में आगामी 16 जून को होने वाली विकसित भारत संकल्प सभा हेतु योजना की रूपरेखा बनाई गई। मंडल अध्यक्ष महेश राणा ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व विकास किया है। जबकि कांग्रेस की सरकार आए दिन घोटाले और भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थी। आगामी 16 जून को ब्लॉक सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से सभी पार्टी कार्यकर्ता एवं आम जनमानस को 11 वर्षों की विकसित सभा के बारे में बताया। बाद में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से हताहत सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश राणा, जिला मंत्री किशोर जोशी, भुवन जोशी, अंजू देवी, मनोरथ पांडे, मदन सिंह, आनंद सिंह, मोहित जोशी, लक्ष्मण भंडारी, दीपक खोलिया, स्मिता राणा, कविता जोशी, किशोर भट्ट, राजेंद्र ओली आदि उपस्थित रहे।

### विमान हादसे में मेडिकल छात्र एवं यात्रियों की मौत पर आईएमए ने जताया शोक

**जसपुर :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मृत मेडिकल छात्रों एवं यात्रियों के लिए शोकसभा का आयोजन किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर गहरी संवेदना व्यक्त की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.एमपी सिंह के कार्यालय पर आयोजित बैठक में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलोत ने बताया कि एसोसिएशन के सदस्य विमान हादसे से दुखी हैं। वह पीड़ित परिवारों के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं और उनके प्रति संवेदना है। इस दौरान पीड़ितों को दुख सहन करने हिम्मत एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉ.जीतू गहलोत, डॉ. राजीव चौहान, डॉ. सीमा चौहान, डॉ. नीरज चौहान, डॉ. पारुल बंसल, डॉ. आशु सिंघल, डॉ. अजय गर्ग, डॉ. एके गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बाजपुर के सरकारी अस्पताल में घायल रेशम सिंह का उपचार करते चिकित्सक।

# पंचायत के दौरान दो पक्षों में मारपीट, पांच लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** किसी मामले के निपटारे के लिए बुलाई गई पंचायत के दौरान दो पक्षों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हो गई, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चल निकले। घटना में पांच लोगों के चोटें आई हैं, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस चौकी बेरिया दौलत क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोता बेरिया में बाहर से आए कुछ ठेकेदारों के माध्यम से वाटर टैंक के निर्माण हुआ है। बताया जाता है कि कुछ युवकों द्वारा श्रमिकों को चिढ़ाया जा रहा था। इसको लेकर उनमें विवाद हो गया और इसी सिलसिले में बात करने के लिए शुक्रवार को पंचायत बुलाई गई थी। आरोप है कि वहां वार्ता के दौरान गाली-गलौज व मारपीट हो गई। मारपीट व बीच-बचाव के दौरान ग्राम तोता बेरिया निवासी रेशम सिंह, चरन सिंह, ग्राम मडैया हट्टू निवासी बलजीत सिंह, ग्राम थापकनगला निवासी अमनदीप सिंह एवं दिल्ली निवासी फुरकान आदि घायल हो गए, जिनमें से तीन घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।


अमनदीप सिंह।


बलजीत सिंह।


जवाहरनगर में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पूर्व सीएम हरीश रावत व विधायक तिलक राज बेहड़।

# स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी के निधन पर पूर्व सीएम रावत व बेहड़ ने जताया शोक

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व विधायक तिलक राज बेहड़ शुक्रवार शाम स्वतंत्रता सेनानी गांव जवाहरनगर पहुंचे। जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पूरन सिंह कोरंगा की पत्नी 102 वर्षीय आनुली देवी कोरंगा के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदनाएं प्रकट कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने परिवार जनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने में महत्वपूर्ण किरदार निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

विधायक बेहड़ ने शोक संतप्त परिवारजनों से जरूरत पड़ने पर हर समय साथ देने का भरोसा दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व ब्लॉक प्रमुख किन्नू शुक्ला, युवा कांग्रेसी आनंद रावत, मोहन चंद्र पाण्डे, जिला पंचायत सदस्य दीपा प्रेम आर्या, हेम सिंह नेगी, दीपक भट्ट, नरेश बिष्ट, पूर्व उपप्रधान धनसिंह कोरंगा, जसपाल सिंह कोरंगा, प्रताप सिंह कोरंगा, भुपाल सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# केंद्र द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रम तेजी से लागू करें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्धन ने अधिकारियों को केंद्र की ओर से निर्धारित सुधार कार्यक्रमों में विशेष दिलचस्पी लेने और इन्हें तेजी से लागू करने पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

पूंजीगत निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता दिलाने के लिए शुक्रवार को सीएस की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में योजना की टाइड और अनटाइड दोनों तरह के मद से संचालित विकास कार्यों पर व्यापक चर्चा की गई। सीएस ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें ताकि इसके अंतर्गत विकास कार्यों के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि का राज्य के हित में समुचित उपयोग किया जा सके। उन्होंने खनन, परिवहन, शहरी विकास, आवास, वित्त, परिवहन, राजस्व, कृषि विभाग इत्यादि विभागों को एक सप्ताह में एसएएससीआई स्कीम के कार्यों का रोड मैप और कार्य योजना विद टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव नियोजन ने बताया कि इस वित्त वर्ष राज्य को अनटाइड फंड से 615 करोड रुपए की धनराशि प्राप्त होगी, जबकि अन्य धनराशि की प्राप्ति विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित सुधारात्मक कार्यों की प्रगति पर निर्भर रहेगी।

### आपदा में रिस्पांस टाइम बेहतर करें

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मानसून की तैयारियों के संबंध में सभी जनपदों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि में संभावित आपदाओं का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियों को पुख्ता कर लें। यदि कुछ कार्य किए जाने शेष हैं तो समय पर उन्हें पूरा कर लें। सचिवालय में आयोजित बैठक में दोनों मंडलों के आयुक्त तथा सभी जिलाधिकारियों ने बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

# सफाई कर्मियों को दें लाभ: मकवाना


सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष मकवाना का स्वागत करते ईओ मनोज कुमार दास व विहिप नेता यशपाल राजहंस।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने शुक्रवार को नगरपालिका सभागार में नगरपालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान स्वच्छता कर्मचारियों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पुनर्वास से संबंधित निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों की भर्ती व कल्याण, आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को पीएफ व ईएसआई जैसे लाभ दिए जाने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में निर्देश दिए कि सीवर व सैफ्टी टैंक का कार्य करने वाले कर्मियों का अनिवार्य पंजीकरण किया जाए, ताकि उन्हें पुनर्वास योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निकाय अधिकारी मृतक आश्रितों की नियुक्ति में संवेदनशीलता और विवेक का प्रयोग करें तथा वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को समायोजित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संचालित कल्याणकारी एवं पुनर्वास योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बहुद्देशीय शिविरों के आयोजन के भी निर्देश दिए। इससे पहले नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, संदीप गुप्ता, बबलू गौतम, रोहित मौजूद रहे।

# जापान यात्रा के लिए रवाना हुईं स्वीटी और कामिनी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ऊधम सिंह नगर जिले में इंस्पायर मानक अवार्ड प्रतियोगिता 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित दो छात्राओं को मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने सम्मानित करते हुए जापान यात्रा के लिए रवाना किया।

जिला विज्ञान समन्वयक विनीता जगदीश चौधरी ने बताया कि ऊधमसिंह नगर जिले के रेजिएंट पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा स्वीटी एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौला की मेधावी छात्रा कामिनी का इंस्पायर मानक सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम जापान के लिए चयन होने के बाद दोनों छात्राएं टीम के साथ दिल्ली रवाना हो गईं।

जिला समन्वयक इंस्पायर प्रेमचंद के दिशा निर्देशन में छात्राएं अपने माता-पिता के साथ 13 जून को दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली के लिए देर रात्रि पहुंच गईं और 14 जून को दोनों छात्राएं जापान के लिए टीम के साथ रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तराखंड से 7 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाना है जिनमें रुद्रपुर ब्लाक से दो छात्राएं हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वीटी के बनाए गए प्रोजेक्ट "कन्वर्टिबल हिल्स सेंडल" और कामिनी के "मल्टीपल टैप" को काफी सराहना मिली थी। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, जिला एवं ब्लॉक खेल समन्वयक कमल सक्सेना, जिला नोडल ऑफिसर कुंवर सिंह रावत, तेजपाल शर्मा, मीना, अखिलेश पंडित, बेबी पंडित आदि मौजूद रहे।


मेधावी छात्राओं को जापान रवाना होने से पूर्व शुभकामनाएं देते अधिकारी।

## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | 4 | | | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 सं |
| ल | ■ | ■ | नि | ■ | वि |
| 4 क | ट | चा | य | ■ | धा |
| त | ■ | ■ | मि | ■ | न |
| ■ | ■ | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | ■ | ■ |
| त | ■ | न | ■ | 7 झा | ल |

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष** – आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन** – आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क** – आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** – आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** – आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन** – आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

# आपदा उपकरणों को तैयारी की हालत में रखें

## पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई मासिक अपराध गोष्ठी, 24 कार्मिकों को किया गया सम्मानित



अल्मोड़ा पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में मौजूद पुलिस अधिकारी और कार्मिक। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य पर कार्मिकों को सम्मानित किया।

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने बरसात में आपदा की आशंका के मद्देनजर तैयार रहने पर जोर दिया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण समेत कैंचीधाम मेले के दृष्टिगत यातायात प्लान बनाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब बरसात में आपदा को लेकर भी पुलिस सचेत रहे। आपदा उपकरणों को चैक कर तैयारी हालत में रखा जाए। आपदा के समय किसी को भी आवश्यकता पड़े तो पुलिस शीघ्र मदद को पहुंचे।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए।

इस दौरान एएसपी हरबंस सिंह, सीओ सदर गोपाल दत्त जोशी, जिला होमगार्ड कमाण्डेंट नितिन काकेरवाल, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत अशोक धनकड़, निरीक्षक जानकी भंडारी, दरबान सिंह मेहता, महेश चन्द्र, मदन मोहन जोशी, देवेन्द्र सिंह नेगी, सुशील कुमार, भुवन जोशी प्रभारी, सुनील सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, कश्मीर सिंह, राहुल राठी, जसविन्दर सिंह, विजय नेगी, वंश नारायण, कुमकुम धानिक, सुमन, मोहित आदि रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। थाना सल्ट क्षेत्र से 76 .495 किलो अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान देने वाले थाना सल्ट में नियुक्त अपर उपनिरीक्षक लोमेश कुमार व थाना भतरौजखान क्षेत्र से 84 .075 किलो अवैध गांजा बरामद करने वाले कांस्टेबल नीरज पाल को ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 24 अधिकारी, कर्मचारी की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# जिले में झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बीते कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को आखिरकार राहत मिली। जनपद में शुक्रवार को झमाझम बारिश होने से तापमान गिरा और गर्मी से राहत मिली। वहीं, किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान लौटी है।

अल्मोड़ा में बीते कुछ दिनों से आसमान में बादलों को जमावड़ा लग रहा था। लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इससे गर्मी के साथ उमस बढ़ रही थी। शुक्रवार को झमाझम बारिश होने से बाजार पहुंचे लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों में शरण लेनी पड़ी। कई लोग बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए। वहीं, बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

बारिश ने किसानों को भी खुशी का मौका दिया है। किसान भी रोपाई और बागवानी के लिए बारिश का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उन्हें मौसम का साथ मिला तो उनके चेहरे पर मुस्कान लौटी। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# कैंचीधाम मेलाः यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

**संवाददाता, अल्मोड़ा**





- 14 जून सुबह सात बजे से 16 जून को रात 10 बजे तक लागू रहेगा प्लान
- अल्मोड़ा से कैंची धाम दर्शन के लिए जाने वाले लोग खैरना तक कर पाएंगे सफर

**अमृत विचार:** कैंचीधाम में मेले को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। एक तरफ जहां जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं मेले को लेकर पुलिस ने यातायात डावर्जन प्लान जारी किया है। डावर्जन प्लान 14 जून की सुबह सात बजे से 16 जून को रात 10 बजे तक लागू रहेगा।

शुक्रवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने रूट प्लान की जानकारी देते हुए बताया कि बेरीनाग-सेराघाट की ओर से हल्द्वानी को जाने वाले समस्त चौपहिया वाहन बाड़ेछीना तिराहा से दन्या, सुवाखान, छड़ौजा, शहरफाटक, धानाचूली, खुटानी होते हुए हल्द्वानी जाएगे। बागेश्वर-अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर जाने वाले चौपहिया वाहन बेस तिराहा अल्मोड़ा, करबला, धारानौला, सिकुड़ा बैण्ड, लमगड़ा, शहरफाटक, धानाचूली, खुटानी होते हुए या क्वारब, नथुवाखान, खुटानी बैण्ड से वाया भीमताल होते हुए हल्द्वानी अपने गंतव्य को निकलेंगे। जबकि रानीखेत से हल्द्वानी की ओर जाने वाले समस्त वाहन खैरना, क्वारब, नथुवाखान, खुटानी बैण्ड से वाया भीमताल होते जाएंगे। अल्मोड़ा से होते हुए कैंचीधाम दर्शन को जाने वाले श्रद्धालु के वाहन क्वारब होते हुए खैरना तक जाएगें। जहां पर सुव्यस्थित तरीके से पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम दर्शन को जाएगे। वहीं, पिथौरागढ़ क्षेत्र से हल्द्वानी जाने वाले वाहनों के लिये एनएच 09 घाट, चम्पावत, टनकपुर, सितारंगज, चोरगलिया से होते हुए और भतरौंजखान, सल्ट की ओर से रामनगर-दिल्ली को जाने वाले पर्यटक वाहन वाया बेतालघाट होते हुए रामनगर को जाएंगे।

## सार-संक्षेप



योग करते पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ● अमृत विचार

### दो दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

**बागेश्वर :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व कार्यक्रमों की श्रंखला के अंतर्गत आयुर्वेदिक विभाग द्वारा पुलिस लाइन में दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली ने कहा कि पुलिस अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए कड़ी मेहनत करती है। कई बार समय पर पूरी नींद न आने के कारण भी बीमारियां होती हैं। नियमित योग से पुलिस अधिकारी व जवान अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। केवलानंद जोशी ने योग की जानकारी दी। इस दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक डॉ. सौरभ तिवारी ने मानकीकरण, गुणवत्ता संवर्धन एवं उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की। पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, आरआई समेत जिले के विभिन्न थानों से आए हुए निरीक्षक, उप निरीक्षक, जवान तथा आयुर्वेद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





चम्पावत में श्रमिकों को धूम्रपान से बचाव की दी गई जानकारी। ● अमृत विचार

### कानूनी अधिकारों संग धूम्रपान से बचाव की जानकारी दी

**चम्पावत :** विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नशा हटाओ-जीवन बचाओ अभियान के तहत सर्किट हाउस में श्रमिकों को कानूनी अधिकारों के साथ धूम्रपान से बचाव की जानकारी दी गई। पीएलवी दीप प्रसाद व हेमा थ्वाल ने आपदा और साइबर अपराध से बचने के तौर तरीके बताए। नशा हटाओ अभियान के संयोजक एवं संस्कृत प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने 'धूम्रपान से दूरी, बच्चे जरूरी' विषय पर विचार व्यक्त किए। बताया कि एक श्रमिक घर से बाहर दूर-सुदूर क्षेत्रों में सर्दी-गर्मी की परवाह किए बगैर कड़ी मेहनत व मजदूरी करता है किंतु धूम्रपान की लत उसके शरीर की क्षमता पर बुरा प्रभाव डाल देती है। धूम्रपान से श्वसन तंत्र के साथ ही फेफड़े भी कमजोर होने लगते हैं, इस कारण श्रमिक की मजदूरी भी प्रभावित हो जाती है जिससे वह अपने परिवार की उम्मीदों को पूरा करने में मजबूर हो जाता है इसलिए उसे धूम्रपान से दूर रहकर अपने शरीर को सुरक्षित रखना चाहिए।

### जंगली सूकरों ने उजाड़ी अदरक व गडेरी की फसल

**बागेश्वर :** कपकोट के कर्मी व बघर में जंगली सूकरों ने अदरक व गडेरी की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण केशर सिंह, हरिमोहन सिंह, चंदन कपकोटी और महिमन सिंह ने बताया कि उनकी आय का प्रमुख साधन खेती है। उनके द्वारा चौलाई, राजमा की खेती की जाती थी परंतु बंदर इसे नष्ट कर देते थे जिस कारण ग्रामीणों ने अदरक की खेती का प्रयोग किया परंतु अब यहां सूकरों का आतंक हो गया है। सूकरों के समूह द्वारा रात्रि में आकर खेती को नष्ट कर दिया जा रहा है जिससे किसानों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने वन विभाग से सूकरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### एक दिवसीय निशुल्क शिविर का हुआ आयोजन

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन के चिकित्सालय परिसर में इंद्रप्रा अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पावर स्टेशन में नियमित रूप से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रही हैं। अपोलो अस्पताल से आए डॉ. निशांत राणा, डॉ. पीयूष विश्वकर्मा ने चिकित्सा जांच कर सुझाव दिये। शिविर में संविदा कर्मचारियों, केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ़ के जवानों ने लाभ उठाया।

### सभासद नाराज, आंदोलन की दी चेतावनी

**टनकपुर :** नगर पालिका के सभासदों ने बोर्ड गठन के पांच माह बाद भी विकास कार्य शुरू न होने पर नाराजगी जताई है। कार्य शुरू न होने पर उन्हें जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को सभासदों ने ईओ एवं पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर जल्द पालिका की बैठक बुलाकर उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक सुनने और विकास कार्य शुरू करवाने की मांग की। मांग अनसुनी करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में लाइट की समस्या का समाधान करने, ठेकेदारों के लाइसेंस का नवीनीकरण करने, ठेकेदारों के लंबित देयकों का भुगतान करने, नगर की विभिन्न दुकानों से क्रय किए गए सामान का भुगतान करने, सफाई व्यवस्था में सुधार करने, शीघ्र बोर्ड बैठक बुलाने, सफाई के लिए ठेका जल्द करवाने, पालिका में पड़े कबाड़ की नीलामी करवाने, पालिका के वाहनों की मरम्मत करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। ज्ञापन में सभासद चर्चित शर्मा, आशा भट्ट, वकील अहमद, बबीता वर्मा, सब्या बाल्मीकि, हसीब अहमद, वर्षा शर्मा, दिनेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, सविता बिष्ट के नाम रहे।

# गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल जारी

**सवाददाता, रानीखेत**



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सस्ता गल्ला विक्रेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल जारी है। सस्ता गल्ला विक्रेताओं की खाद्यान्न गोदाम परिसर सौनी में हुई बैठक में मांगे शीघ्र पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया गया। इस अवसर पर विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

राजकीय खाद्यान्न गोदाम परिसर सौनी में शुक्रवार को हुई सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक आयोजित की गई। जिसमें शासन -प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में रानीखेत, सौनी, हल्दयानी, जालली खाद्यान्न गोदाम से संबद्ध सस्ता गल्ला विक्रेता शामिल हुए।

बैठक में कोरोना काल के खाद्यान्न बिलों का भुगतान किए जाने, खाद्यान्न पूर्ण तोल के साथ पूरा प्रति पचास किलो बैग दिए जाने, छीजन भी पूर्व की भांति दिए जाने, लाभांश बढ़ाया जाने साथ ही मानदेय व दुकान का किराया देने की मांग की गई। इसके अलावा विक्रेताओं ने 2024और 25 के रूके बिलों का अविलंब भुगतान करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अगर लंबित मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो विक्रेता सामूहिक त्याग पत्र देने को बाध्य होंगे।इस दौरान सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन में गंगा सिंह रावत, शंकर सिंह बिष्ट, रेनू नेगी, तारा सिंह, मोहन चंद्र उप्रेती, भीम सिंह, राजेन्द्र सिंह, सदानंद, गोविंद सिंह मेहरा, जीवन सिंह, नवीन चन्द्र पंत, कमलेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, बिशन सिंह बिष्ट, इंद्र सिंह नेगी आदि रहे।

# मेले में बिजली, पानी सहित कई जरूरी व्यवस्थाएं 20 तक रहेंगी

**संवाददाता, टनकपुर**



टनकपुर तहसील में बैठक लेते एसडीएम आकाश जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में सरकारी तौर पर मेला समाप्त होने के करीब है लेकिन इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु धाम में पहुंच रहे हैं। 15 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले में दो दिन और बाकी है। मेले का औपचारिक समापन 15 जून को होगा। बिजली, पानी, सफाई, सुरक्षा सहित कई जरूरी व्यवस्थाएं 20 जून तक रहेंगी। टनकपुर के एसडीएम और मेला मजिस्ट्रेट आकाश जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला पंचायत को बूम में पार्किंग बैरियर हटाने को कहा गया। मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर व्यवस्थाओं को कुछ दिनों के लिए और बढ़ाए जाने का आग्रह किया। जिस पर पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में जरूरी व्यवस्थाओं को 20 जून तक बनाए रखने के संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। बैठक में सीओ वंदना वर्मा, सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी, लोनिवि के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह सामंत, यूपीसीएल के एई मयंक भट्ट,बूम रेंज के वन क्षेत्राधिकारी गुलजार हुसैन, कोतवाल चेतन सिंह रावत, ठूलीगाड़ चौकी प्रभारी राकेश कठायत ,जल संस्थान के जेई विपिन कलौनी, जिला पंचायत के हितेश जोशी,एसडीआरएफ के नरेंद्र सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# वेद जागरूकता शिविर आयोजित

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** नारायण स्वामी आश्रम नारायण नगर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायण नगर द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की शुरुआत योगाचार्य डॉ. सुनील लोहनी एवं वेदाचार्य गोपेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र से हुई। प्रतिभागियों को वैदिक ज्ञान, शास्त्रार्थ एवं आध्यात्मिक परंपराओं से भी परिचित कराया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कोहली ने आयोजन की पृष्ठभूमि व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विशन सिंह चुफाल ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा है।

# पेयजल संकट को लेकर आक्रोश

- पानी के लिए ग्रामीणों को करनी पड़ रही है जद्दोजहद
- जल संस्थान ने टैंकरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बांटा पानी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा में जल संस्थान के टैंकरों से पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में ग्रामीणों की पानी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी पानी के लिए ग्रामीणों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। इससे ग्रामीणों में जल संस्थान के खिलाफ भी नाराजगी रही।

गर्मी बढ़ने से जिले के कई गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान हैं। पानी की व्यवस्था करने में ही उनका पूरा दिन बीत रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि हर साल गर्मियों के मौसम में पानी आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे उन्हें दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं, लेकिन फिर भी इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। हालांकि जल संस्थान की ओर से सड़क किनारे स्थित गांवों में टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। शुक्रवार को विभाग ने नगरखान, केमू स्टेशन, ऐरोली, ज्यौली, महंतगांव, सकार, गुरुड़ाबांज, रैचना, मनिआगर, उडलगांव, डोबा, बल्टा, ताकुला आश्रम, लमगड़ा, हवालबाग आदि गांवों में टैकरों से पानी की आपूर्ति की गई। जिससे थोड़ा हद तक ग्रामीणों को पेयजल समस्या से निजात मिली।

# उपनल कर्मी हिरासत में

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** सचिवालय कर्मी को एयर गन से डराने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपी उपनल कर्मी को पुलिस ने हिरासत में लेने के साथ एयर गन कब्जे में ली है।

इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर बीएसभाकुनी अनुसचिव सचिवालय प्रशासन ने प्रार्थनापत्र दिया कि सचिवालय में ही उनके ऑफिस के सचिवालय सहायक हरीश ध्यानी द्वारा एडवांस में हाजिरी लगाने को लेकर उनके द्वारा पूछा गया तो हरीश ध्यानी द्वारा कार्यालय में ही उनके साथ मारपीट, गाली गलौज की गई एवं अपने साथ लाई गई एयरगन से धमकाकर जान से मारने की धमकी दी गई तथा राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इस संबंध में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। सचिवालय प्रशासन ने आरोपी को वापस उपनल भेजे जाने के आदेश पारित करते हुए उसका सचिवालय का पास भी निरस्त कर दिया है।

### दुकान में घुसा सांप

**पिथौरागढ़ :** जाखनी स्थित हार्डवेयर की दुकान में शुक्रवार को सांप घुस गया। दुकानदार की सूचना पर क्यूआरटी ने सांप को रेस्क्यू किया। इस दौरान स्नैक कैचर प्रकाश जोशी, महेंद्र कार्की, मनोज ज्याला, गणेश चिराल, मनोज पिलखवाल, गिरीश जोशी मौजूद रहे।

### 100 लोगों पर कार्यवाही

**पिथौरागढ़ :** जनपद भर में गठित पुलिस टीमों ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक रूल तोड़ने व ऑपरेशन मर्यादा के तहत 100 लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की। थानाध्यक्ष बेरीनाग महेश चन्द्र जोशी ने भट्टीगांव क्षेत्र में 4 नाली भूमि पर अवैध भांग की खेती को नष्ट किया।

**समीक्षा बैठक** — दिशा की बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने विकास योजनाओं की प्रगति जानी, दिए दिशा निर्देश

# प्रत्येक अधिकारी स्वयं को अंतिम जिम्मेदार मान काम करे

**संवाददाता,टनकपुर/चम्पावत**



चम्पावत में समीक्षा बैठक लेते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सभागार चम्पावत में दिशा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में अहमदाबाद विमान हादसे में हुए दुर्भाग्यपूर्ण जान-माल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते अजय टम्टा सहित सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने हादसे में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय राज्यमंत्री टम्टा ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यों को मिशन मोड में लेकर चलें। प्रत्येक अधिकारी स्वयं को अंतिम जिम्मेदार मानकर कार्य करें। उन्होंने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों के प्रभाव का मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से अधिक ज़मीनी प्रभाव की समीक्षा की जाए, कितना कार्य हुआ और उसका कितना लाभ स्थानीय लोगों को मिला, इसका ठोस विश्लेषण किया जाए।

उन्होंने पिरुल ब्रिकेट यूनिट्स के विस्तार के लिए कटर मशीनों की स्थापना के लिए संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिए, ताकि ऊर्जा स्रोतों के स्थानीय विकल्पों को बढ़ावा दिया जा सके।

सांसद निधि के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निधि का उपयोग योजनाबद्ध ढंग से जनहित में किया जाए। साथ ही अन्य प्रदेशों के सफल मॉडल का अध्ययन कर ज़रूरत के अनुसार उन्हें अपनाया जाए।

### ट्रीटमेंट कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**टनकपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा शुक्रवार को चम्पावत पहुंचे। उन्होंने टनकपुर से चम्पावत तक एनएच का निरीक्षण किया। उन्होंने राजमार्ग के सबसे संवेदनशील डेंजर जोन स्वाला में चल रही ट्रीटमेंट कार्य को देखा। धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए एनएच के अधिकारियों को हर हाल में मानसून से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार आलवेदर रोड को यात्रियों के आवागमन के लिए सुगम बना रही है। उन्होंने कहा कि टनकपुर से चम्पावत तक कई जगह एनएच में अभी भी भूस्खलन हो रहा है। मानसून में भूस्खलन और तेज हो सकता है, लिहाजा एनएच को विशेष सतर्कता बरतने के साथ चौबीसों घंटे अलर्ट रहना पड़ेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने मानसून सीजन को देखते हुए राजमार्ग में सभी संवेदनशील स्थानों में मशीनें तैनात करने तथा चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने की दशा में तुरंत रिस्पांस देते हुए सड़क को खोला जाए, ताकि यात्रियों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्य में कोताही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह, मनोज वर्मा, प्रमोद पवार, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, ताकुला व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह नगरकोटी महामंत्री हेमंत सुयाल, मुकेश वर्मा, भरत पंत, बसोली व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह डंगवाल, महामंत्री चंदन सिंह बिष्ट, देघाट व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक तिवारी, स्याल्दे व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन जोशी, मासी व्यापार मंडल अध्यक्ष गिरीश आर्या, कसारदेवी व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह रायल, लमगड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष शुभम कपकोटी, महामंत्री संजय सिंह बिष्ट, रानीखेत व्यापार मंडल प्रभारी बलवंत सिंह रावत, संदीप पाठक, दीक्षित जोशी आदि मौजूद रहे।

# ईरान पर हमले से बाजार लुढ़का, कच्चा तेल 7% उछला

## सेंसेक्स 573 और निफ्टी 170 अंक टूटा, डॉलर के मुकाबले रुपये में 59 पैसे गिरावट, सोना-चांदी के बढ़े भाव

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।

### कच्चे तेल के भाव सर्वकालिक उच्च स्तर पर



नई दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एमसीएक्स में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### 86.11 पर पहुंचा रुपया



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे टूटकर 86.11 (अस्थायी) पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है।

### सोना में 2,200, चांदी में 1100 का उछाल



नई दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से मुलाकात करेंगी सीतारमण

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी।

# वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- स्टार्टअप जीनोम की रिपोर्ट में सात पायदान की लगाई छलांग



स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे व तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025 के मुताबिक बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक उभरते सितारे से एक शीर्ष-स्तरीय वैश्विक स्टार्टअप हब बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

# वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें : सेबी

- बाजार नियामक सेबी ने सीएफओ से किया आग्रह

मुंबई। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है।

# आठ महीने बाद मई में रोजगार सृजन 8.9% बढ़ा

मुंबई, एजेंसी



- सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'' इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ।

### एसबीआई ने 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति की

नई दिल्ली। एसबीआई ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की नियुक्ति की है। एसबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है।

# एलआईसी ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में दी ढील

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

### दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंस: अंबानी

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। रिअंबानी ने बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का लंदन में निधन

नई दिल्ली। मोटर वाहन घटक विनिर्माण कंपनी सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के अनुसार, उद्योगपति संजय कपूर को पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ा था। वह 53 वर्ष के थे। सोना कॉमस्टार ने बयान में कहा, हमें अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सोना कॉमस्टार के चेयरमैन एवं गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे. कपूर का 12 जून 2025 को इंग्लैंड (ब्रिटेन) में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 53 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया।

#### अमरनाथ : यात्रा से पहले जम्मू पहुंचने लगे साधु

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए तीन जुलाई से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा के लिए बड़ी संख्या में साधु मंदिरों के शहर जम्मू में पहुंचने लगे हैं। बत्तीस दिवसीय यह तीर्थयात्रा तीन जुलाई से दो मार्गों से शुरू होगी। पहला अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग है तथा दूसरा गंदेरबल में 14 किलोमीटर लंबा छोटा लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग है। एक दिन पहले, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर और राम मंदिर से घाटी के लिए रवाना होगा। इस मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ का शिवलिंग है।

# एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया।

### एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया

नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या में दो गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता फरार

बठिंडा (पंजाब)। पंजाब की सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा में एक पार्किंग में खड़ी कार में कंचन का शव मिला था। एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हत्या में शामिल तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता फरार है।

उन्होंने बताया कि मोगा के जसप्रीत सिंह (32) और तरन तारन के निमरजीत सिंह (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अमृतपाल सिंह मेहरों फरार है। एसएसपी ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है जो एक स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है। जसप्रीत और निमरजीत को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

# कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- जेलों में न पनपने दें गिरोहों को

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद कैदियों के दो समूहों के बीच झगड़े में मारे गए एक कैदी के परिजनों को मुआवजा देने का फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिरासत में रखे गए कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जेलों में गिरोहों पनपने नहीं देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इसमें (आम जनता में) जेल में बंद व्यक्ति भी शामिल हैं, इसलिए हिरासत में अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति ने मृतक जावेद के परिजनों को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिसमें से एक लाख रुपये पहले ही उसकी मां (अब दिवंगत) को दिए जा चुके थे। कोर्ट ने फैसले में कहा, इस न्यायालय का स्पष्ट मत है कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिरासत में बंद व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, भले ही मृतक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति रहा हो। सरकार कैदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की दलील के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झगड़ा हुआ और पीड़ित भी इसमें शामिल हुआ, लेकिन यह तथ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के कर्तव्य के पालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता।

# ईडी ने 2,100 करोड़ के घोटाले में कांग्रेस कार्यालय, पूर्व मंत्री की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। ईडी ने छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यालय के अलावा उसके विधायक कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और सुकमा जिले में कांग्रेस कार्यालय भवन की संपत्तियां शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने दिसंबर 2024 में रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में लखमा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था। लखमा (72) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा में पंचायत अध्यक्ष हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के कोष को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों ने इस अपराध से 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय अर्जित की।

### नहीं उड़े विमान



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमान सेवाएं रद करनी पड़ीं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर खड़े विमान। एजेंसी

# अरावली : 10 फार्म हाउस व पांच अवैध निर्माण ढहाए

फरीदाबाद। फरीदाबाद नगर निगम ने वन विभाग के साथ मिलकर, संरक्षित अरावली पर्वतमाला में अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत 10 फार्महाउस और पांच अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आनंद वन से अरावली तक सड़क पर बने करोड़ों रुपये के अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त कर दिया गया और करीब 10 एकड़ जमीन खाली करा ली गई। फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम यादव ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार ध्वस्तीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया है कि अरावली से सभी अवैध निर्माण हटा दिए जाएं और इस पर जुलाई 2025 तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकारियों के अनुसार, अरावली वन क्षेत्र से 6,793 से अधिक छोटे और बड़े अवैध निर्माण हटाए जाने हैं जिनकी पहचान ड्रोन सर्वेक्षण में की गई थी।

# राजा और सोनम ने मेघालय के नोंग्रियाट होमस्टे में ठहरने, खाने के लिए किया था 1,380 का भुगतान

नोंग्रियाट (मेघालय), एजेंसी

अपनी हत्या से एकदिन पहले, राजा रघुवंशी और उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम यहां एक 'होमस्टे' में ठहरने के बाद कई घंटों के लिए गायब हो गए थे और देर रात को रात्रि भोजन के लिए वापस आए थे। होमस्टे के मालिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिपारा होमस्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन ने बताया कि 22 मई को हमारे यहां चेक-इन किया और एक-एक कॉफी का ऑर्डर दिया। इसके बाद वे बिना किसी गाइड के बाहर चले गए। मुझे लगता है कि वे गांव में आने वाले अन्य पर्यटकों की तरह रूट ब्रिज देखने गए थे। राजा ने कमरे के लिए 1,000 रुपये, कॉफी के लिए 80 रुपये और रात के खाने के लिए 300 रुपये का भुगतान किया था। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति ने मेघालय की अपनी यात्रा के लिए पहले से कोई कमरा आरक्षित नहीं कराया था तथा उन्हें पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के सोहरा में एक होमस्टे में कमरा नहीं मिला, जिससे न्हें एक गाइड की मदद से उसी जिले में स्थित मावलखियात से नोंग्रियाट तक पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### राजा का भाई बोला- सोनम और राज का नार्को टेस्ट हो

इंदौर। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने शुक्रवार को मांग की कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों-सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बढ़ती उम्र को नकारात्मकता से जोड़कर देखते हैं 54 % बुजुर्ग

### हेल्पएज इंडिया की रिपोर्ट

नई दिल्ली। करीब 54 प्रतिशत बुजुर्ग उम्र बढ़ने (वृद्धावस्था) को नकारात्मक भावनाओं से जोड़कर देखते हैं जिनमें अकेलापन (47 प्रतिशत) सबसे आम भावना है। शुक्रवार को जारी की गयी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

हेल्पएज इंडिया के पीढ़ियों के बीच संबंधों की प्रक्रिया और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना विषयक अध्ययन ने परिवार में निरंतर संवाद के बावजूद भारत के बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों और युवाओं की धारणाओं के बीच अंतर को उजागर किया है। इस सर्वेक्षण के दौरान 10 शहरों में 5,798 उत्तरदाताओं (18-30 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत युवा, 60 वर्ष से अधिक आयु के 30 प्रतिशत बुजुर्ग) के साथ बातचीत की गयी। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में शहरी बुजुर्गों के सामने अकेलेपन, डिजिटल पहुंच का अभाव और घटते सम्मान की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जबकि युवा उनकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा भी करते हैं। पंद्रह जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस से पहले जारी किए गए अध्ययन में शहरी मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों को शामिल किया गया।

# विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री की टिप्पणी असंवेदनशील : कांग्रेस

- शाह ने कहा था- विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जबकि उन्हें जवाबदेही तय करने का वादा करना चाहिए था।

शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

### कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी शर्मनाक : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिए जाने के बाद आई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया।

# जीत के लिए 281 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य के करीब

## सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (91) और कप्तान तेम्बा बावुमा (53) क्रीज पर डटे


एडेन मारक्रम

लंदन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजी एडन मारक्रम की शानदार बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को यहां जीत के लिए 282 रन का पीछा करते हुए तीसरे दिन चाय काल के बाद खबर लिखे जाने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 189 रन बना लिए।

मारक्रम 92 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा 53 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका अब जीत से 93 रन दूर है और उसके आठ विकेट शेष है। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया को दोनों सफलता मिचेल स्टार्क ने दिलाई। इससे पहले स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। बल्लेबाजों के लिए आसान हुई परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शुरुआती ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन इस बायें हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलायी।


स्टीवन स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

मारक्रम ने हेजलवुड और स्टार्क के खिलाफ आत्मविश्वास से भरे चौके जड़े तो वहीं वियान मुल्डर (27 रन) ने भी हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ शानदार चौके लगाये। दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक शुरुआत से निपटने के लिए कमिंस को 10वें ओवर में ही ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का सहारा लेना पर मजबूर होना पड़ा। लियोन के आक्रमण पर आने से रन गति पर काफी हद तक लगाम लगी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने लियोन के खिलाफ चौका लगाया लेकिन कमिंस के लिए गेंदबाजी में बदलाव कर स्टार्क को गेंद थमाना फायदेमंद साबित हुआ। स्टार्क ने अपने दूसरे स्पैल की शुरुआती ओवर में ही मुल्डर को चलता कर दूसरे विकेट के लिए खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क के अगले ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा को जीवनदान मिल जब स्लिप में स्टीव स्मिथ उनका मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। बावुमा और मारक्रम ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी :** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

### स्टीव स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुए बाहर

ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## एक नजर

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत



**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत के तायडे ने चमक बिखेरी टीम 'एमजीडी1' संयुक्त बढ़त पर

**लंदन :** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

● टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।


कोच मोर्ने मोर्कल

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

बेकेनहैम, एजेंसी


करुण नायर। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**लंदन, एजेंसी :** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, नयी कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवर्ड्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है। छब्बीस साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था।

**इंग्लैंड की टीम :** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

म्यूनिख, एजेंसी

**आईएसएसएफ विश्व कप**


सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

● महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।

**कड़ा मुकाबला**


लंदन में क्वीस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुई रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

एंटवर्प, एजेंसी

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।


भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी में खेलने गया भारत तीसरे स्थान पर रहा था।

**पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया

**पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स

**पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया

**पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;

**पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;

**पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।

## निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच
## पहचान, कानून और न्याय में भूमिका

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल) का विश्लेषण करके उसकी पहचान और उसकी आनुवंशिक जानकारी प्राप्त करने का काम करती है। इस जांच का उपयोग चिकित्सा, अपराधों की जांच, उत्पत्ति के प्रमाण और परिवारिक संबंधों की सत्यता स्थापित करने में किया जाता है। कानूनी मामलों में भी डीएनए जांच का अहम स्थान है, खासकर जब बात पितृत्व विवाद, हत्या या अन्य गंभीर अपराधों की हो। डीएनए के आधार पर व्यक्ति की शिनाख्त, अपराध के दौरान मिले प्रमाणों से मेल खाने और निर्दोष व्यक्ति को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। यह तकनीक एक सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है, जो व्यक्ति की पहचान करने में किसी भी संदेह को समाप्त कर देती है।



### जांच के कानूनी पहलू

डीएनए जांच का कानूनी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। यह जांच न केवल अपराधों की पहचान और समाधान में मदद करती है, बल्कि पारिवारिक, पितृत्व विवादों और उत्पत्ति प्रमाणों की सत्यता साबित करने के लिए भी की जाती है। डीएनए जांच एक व्यक्ति के शरीर से प्राप्त डीएनए के विश्लेषण से होती है, जो उसके शारीरिक और आनुवंशिक गुणों को दर्शाता है। डीएनए का विश्लेषण किसी भी अपराध के स्थल से मिले जैविक प्रमाणों के साथ मिलाकर अपराधी की पहचान करने में मदद करता है। कानूनी मामलों में डीएनए जांच के उपयोग से सटीकता और निष्पक्षता की संभावना अधिक होती है।

### जांच कराने के लिए मुख्य कारक

- **पितृत्व विवाद :** अक्सर यह सवाल उठता है कि कोई बच्चा किसका है। डीएनए जांच की सहायता से बच्चे और पिता के बीच मेल को आसानी से जांचा जा सकता है। यह जांच अदालत में पितृत्व संबंधी मामलों का निर्णय सटीक रूप से करने में मदद करती है।
- **अपराधों की पहचान :** अपराधियों को पकड़ने के लिए डीएनए जांच कराया जाता है, अपराध स्थल से मिले खून, बाल, त्वचा, आदि से इसे किया जाता है। यदि जांच अपराधी के डीएनए से मेल खाते हैं, तो यह एक ठोस प्रमाण बनता है, जो न्याय में मदद करता है।
- **साक्ष्य की प्रमाणिकता :** डीएनए जांच एक बहुत सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है। इसके परिणामों को कोर्ट में पेश किया जा सकता है, और इसे एक ठोस और अप्रतिवादित प्रमाण माना जाता है।
- **आनुवंशिक चिकित्सा :** कई कानूनी मामलों में, जैसे वसीयत या सम्पत्ति विवाद में, व्यक्ति के आनुवंशिक इतिहास का पता लगाने के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाता है। यह जांच परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों की पुष्टि करती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें राष्ट्रीय डेटाबेस में डाला जाता है। यदि किसी नए अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है, तो डेटाबेस में उस डीएनए के साथ तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए परीक्षण का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### असली पहचान की पुष्टि

यदि किसी व्यक्ति की पहचान संदिग्ध हो, तो डीएनए परीक्षण उसका असली नाम, उम्र और पहचान साबित करने में सहायक हो सकता है। यह विशेष रूप से विस्थापित या लापता व्यक्तियों के मामलों में महत्वपूर्ण होता है।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### मानसरोवर की यात्रा पर निकला पहला जत्था

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की। मार्गेरिटा ने यात्रा को फिर से शुरू करने में केन्द्र सरकार की भूमिका की सराहना की।

# ईरान पर किया प्रारंभिक हमला : नेतन्याहू
## परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत बनाया निशाना

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए हमले को बहुत ही सफल प्रारंभिक हमला बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

नेतन्याहू ने कहा, हमने बहुत ही सफल शुरुआती हमला किया है। ईश्वर की मदद से, हम और भी कई उपलब्धियां हासिल करने जा रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। नेतन्याहू ने दावा किया, हमने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। हमने नतांज में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया है। हमने ईरानी (परमाणु) बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया है। उन्होंने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया।



### एअर इंडिया ने 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एअर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

इजराइल और ईरानी सूत्रों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली और परमाणु सुविधा को भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि की है, साथ ही ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमलों से इजराइली वायुसेना के लिए ईरान पर हवाई हमले की स्थिति में सुधार हुआ है। इजराइली सेना ने हमलों में से एक का वीडियो भी जारी किया। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शुक्रवार सुबह हवाई हमलों से पहले ईरान के अंदर व्यापक गुप्त अभियान चलाया। मोसाद के नेतृत्व वाले आतंकवाद-रोधी अभियानों ने वहां स्थापित एक गुप्त अड्डे को सक्रिय कर दिया। इन अभियानों का उद्देश्य ईरान की रणनीतिक मिसाइल प्रणाली और उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था। ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा, अब जबकि अल-कुद्स (यरुशलम) पर कब्जा करने वाले आतंकवादी शासन ने सभी रेखाओं को पार कर लिया है... लेकिन, इस अपराध का जवाब देने की कोई सीमा नहीं है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई



**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

### नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी सहित वैश्विक नेताओं से बात की

इजराइली प्रधानमंत्री ने ईरान पर किये हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संक्षिप्त बयान में कहा गया कि कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे।

### रूस ने ईरान पर इजराइली हमले को अकारण बताया

**मॉस्को।** रूस ने ईरान पर इजरायल के अकारण हवाई हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इज़राइल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ अकारण सैन्य हमले स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

# ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है, ताकि हमल होने और ईरान से जवाबी कार्रवाई किये जाने की सूरत में उन कर्मियों की सुरक्षा की जा सके। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और यमन में ईरान समर्थित हुतियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमलों के बीच यह संख्या बढ़कर 43,000 तक पहुंच गई।



### ईरान में भारतीयों को दी यात्रा से बचने की सलाह

**तेहरान।** ईरान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को देश में मौजूद भारतीयों को इजराइल के हमलों के बाद सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट का अनुसरण करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा

स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत ने किया किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।



हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।

### गाजा में इंटरनेट ठप होने से सहायता बाधित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता बाधित हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा, मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा गंभीर सैन्य गतिविधियों से उत्पन्न हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।

साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।